शुक्रवार, 13 जून 2025

www.samagya.in

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 34 |
| आर्द्रता | 68% |
| सूर्योदय: 4:51 | सूर्यास्त: 18:21 |



सेकेंड भर में विमान बन गया आग का गोला

पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : जीवन में समस्या आने का मतलब अपने आपको बदलना होगा।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट बनी मातम की उड़ान

## विमान में सवार 241 की मौत

## हादसे की चपेट में आने से मारे गए 24 लोग



मेस में खाना खा रहे थे मेडिकल कॉलेज के छात्र, तभी बिल्डिंग से टकराया विमान

भारतीय मूल का ब्रिटिश नागरिक जिंदा बचा

आज सुबह घटनास्थल पर पहुंचेंगे पीएम मोदी



**अहमदाबाद** : अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट गुरुवार की दोपहर क्रैश हो गया। इस हादसे में मरने वाली संख्या बढ़ गई है। अब तक 265 लोगों की मौत हो गई है। विमान में सवार 241 यात्रियों और क्रू मेंबर की भी मौत हो चुकी है। हादसे के बाद ये विमान पास के मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर जा गिरा जिससे 24 लोगों की मौत हुई है।

सिविल हॉस्पिटल में जितने भी शव आए, वो बुरी तरह से जले हुए हैं। उनकी पहचान करना बेहद मुश्किल है। लोगों की शवों के हिस्से अलग-अलग टुकड़ों में बंटे हुए हैं। कुछ जले हुए हैं तो कुछ कटे हुए हैं। इन शवों को जोड़कर जो गिनती की गई है उनकी तादात 265 हो गई है।

**169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे 2 नवजात, बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे**

### अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास हुई विमान दुर्घटना से स्तब्ध हूं : ममता



**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे के समीप हुए एअर इंडिया विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया। पुलिस ने बताया कि लंदन जा रहे इस विमान में 242 यात्री सवार थे। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान की दुखद दुर्घटना के बारे में जानकर स्तब्ध हूं और गहरा सदमा लगा है।'' उन्होंने कहा, ''यह हम सभी के लिए बहुत दुखद खबर है,

### दशाश्वमेध घाट पर 1,100 दीप जलाकर दी गई मृतकों को श्रद्धांजलि

**वाराणसी** : अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बृहस्पतिवार को वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर 1,100 दीप जलाकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। गंगा सेवा निधि द्वारा दशाश्वमेध घाट पर 1,100 दीप जलाकर अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गये लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। संस्था के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने बताया कि हादसे में मृत लोगों को काशी में मां गंगा की आरती के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। आरती में शामिल हजारों श्रद्धालुओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सुनहरे सपने, नया सफर और आखिरी उड़ान, चंद मिनटों में डॉक्टर दंपती और परिवार खत्म

पृष्ठ 7

### प्रधानमंत्री मोदी ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे ''हम स्तब्ध और दुखी हैं।'' उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, ''दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं।

### हृदय विदारक हादसा ; देश प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है: राष्ट्रपति मुर्मू



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना को हृदय विदारक आपदा बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।''

### ईंधन जलने से तापमान बहुत अधिक होने के कारण किसी को बचाने की गुंजाइश ही नहीं थी: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। शाह ने संवाददाताओं से कहा, ''विमान के अंदर 1।25 लाख लीटर ईंधन था। विमान गर्म हो गया था, इसलिए किसी को भी बचाने की गुंजाइश नहीं थी।'' उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के बाद पूरा देश गहरे सदमे में है। शाह ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''अधिकारी मृतकों की संख्या डीएनए की जांच और पीड़ितों की पहचान के बाद आधिकारिक तौर पर जारी करेंगे।'' शाह ने कहा, ''अच्छी खबर यह है कि दुर्घटना में एक व्यक्ति बच गया है और मैं उससे मिलने के बाद यहां आया हूं।'' उन्होंने कहा, ''विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों से डीएनए नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला और गुजरात में राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय पीड़ितों के डीएनए की जांच करेंगे।''

### एएआईबी एअर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच करेगा

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) बृहस्पतिवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच करेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि एएआईबी के महानिदेशक और एजेंसी में जांच निदेशक सहित अन्य लोग अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत, एएआईबी भारतीय हवाई क्षेत्र में परिचालित विमानों की सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं को दुर्घटनाओं और गंभीर घटनाओं में वर्गीकृत करने के लिए जिम्मेदार है। यह दुर्घटनाओं की विस्तृत जांच करता है और सुरक्षा में सुधार के लिए विभिन्न उपायों के सुझाव भी देता है। बोइंग ने एक बयान में कहा, ''हमें शुरुआती रिपोर्टों की जानकारी है और हम अधिक जानकारी जुटाने के लिए काम कर रहे हैं।''

### गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मौत



गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की बृहस्पतिवार को एअर इंडिया विमान हादसे में मौत हो गई। केंद्रीय मंत्री सी आर पाटिल ने यह जानकारी दी। रूपाणी 68 वर्ष के थे। वह गुजरात के राजकोट पश्चिम विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव जीतने के बाद 2016 से 2021 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।

### विमान दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक करोड़ रुपये देगा टाटा समूह: चेयरमैन

**नयी दिल्ली** : टाटा समूह बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक करोड़ रुपये की राशि देगा। टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा, हम एयर इंडिया फ्लाइट 171 से जुड़ी दुखद घटना से बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा, इस समय हम जो दुख महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों और उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि टाटा समूह इस त्रासदी में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि देगा।

### मलबे में दबने से कई डॉक्टरों की भी मौत

उन्होंने आगे बताया, इनमें से 242 यात्री और क्रू मेंबर विमान में सवार थे। उसमें से एक यात्री जिंदा है। 241 यात्रियों में से शायद ही कोई बचा होगा। जिस समय ये हादसा हुआ, उस वक्त एयरपोर्ट के पास मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में लंच टाइम था और ज्यादातर लोग मैस में थे। उसी वक्त ये प्लेन हॉस्टल के स्ट्रक्चर पर गिरा, जिससे उसके मलबे में दबने से कई डॉक्टरों की भी मौत हो गई। 265 लोगों की मौत की जानकारी इलाके डीसीपी ने दी है।

### विमान में सवार एक यात्री जीवित बचा

गुजरात में अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान में सवार एक यात्री इस भयावह घटना में जीवित बच गया। शहर के सिविल अस्पताल के एक चिकित्सक ने यह जानकारी दी। विश्वकुमार रमेश नामक यात्री बोइंग 787 ड्रीमलाइनर की '11ए' सीट पर था, वह अपने भाई के साथ लंदन जा रहे थे। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में कार्यरत डॉ। शरीक एम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रमेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रमेश विश्वास ने कहा कि हादसे के बाद जोरदार धमाका हुआ, चारों तरफ आग की लपटें थीं। मुझे एंबुलेंस के जरिए अस्पताल लाया गया। मुझे भरोसा नहीं होता कि मैं जीवित हूं, ये किसी करिश्मे से कम नहीं है।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना से जुड़ी और जानकारी जुटाने के लिए काम कर रही बोइंग

**वाशिंगटन** : अमेरिकी विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जानकारी है तथा वह अधिक जानकारी जुटाने के लिए काम कर रही है। इस बीच, कंपनी के शेयरों में बाजार-पूर्व कारोबार में भारी गिरावट आई है। '787 ड्रीमलाइनर' बड़े आकार वाला दो इंजन वाला विमान है। एविएशन सेफ्टी नेटवर्क डेटाबेस के अनुसार, यह बोइंग 787 विमान की पहली दुर्घटना है। बोइंग ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, हम शुरुआती खबरों से अवगत हैं और अधिक जानकारी इकट्ठा करने के लिए काम कर रहे हैं। कंपनी ने कहा, इस समय, यह बहुत, बहुत, बहुत जल्दी है, हम बहुत कुछ नहीं जानते हैं। ...लेकिन 787 में बहुत व्यापक उड़ान डेटा निगरानी है। उड़ान डेटा रिकॉर्डर पर पैरामीटर हजारों में हैं – इसलिए एक बार जब हमें वह रिकॉर्डर मिल जाएगा, तो हम बहुत जल्दी जान पाएंगे कि क्या हुआ था। 'फ्लाइटराडार24' वेबसाइट के अनुसार, यह विमान 2009 में पेश किया गया था, तथा दर्जनों एयरलाइंस को 1,000 से अधिक विमान मिल चुके हैं। यह दुर्घटना प्रमुख विमानन प्रदर्शनी 'पेरिस एयर शो' के उद्घाटन से कुछ दिन पहले हुई है, जहां बोइंग और उसकी यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी एयरबस अपने विमानों का प्रदर्शन करेंगी और एयरलाइन ग्राहकों से विमानों के ऑर्डर के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।




## शेयर बाजार में बड़ी गिरावट से निवेशकों को 5.98 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**नयी दिल्ली** : शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते बृहस्पतिवार को निवेशकों की संपत्ति 5.98 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कमजोर वैश्विक बाजार रुझानों के अनुरूप प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत गिरकर 81,691.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 991.98 अंक यानी 1.20 प्रतिशत गिरकर 81,523.16 अंक पर आ गय था। इस गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,98,759.27 करोड़ रुपये घटकर 4,49,58,383.92 करोड़ रुपये (5,260 अरब डॉलर) रह गया। बीएसई पर 2,729 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,282 शेयरों में तेजी आई और 140 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 1.52 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक में 1.38 प्रतिशत की गिरावट आई।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड : सोनम और राज ने एक-दूसरे पर लगाया मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप



**शिलांग** : सोनम रघुवंशी ने मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश का हिस्सा होने की बात कबूल की है और राज कुशवाह पर इसका मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया। मेघालय पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दूसरी ओर, पुलिस उप महानिरीक्षक डीएनआर मारक ने बताया कि सोनम के संदिग्ध प्रेमी राज कुशवाह ने हत्या की साजिश रचने का आरोप सोनम पर लगाया है। सोनम (25) को मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सोनम पर आरोप है कि उसने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) के साथ मिलकर भाड़े के तीन हत्यारों के जरिये अपने पति की हत्या कराई ताकि उसे रास्ते से हटाया जा सके। राजा रघुवंशी हत्याकांड के पांचों आरोपी फिलहाल मेघालय पुलिस की हिरासत में हैं जिनसे पूछताछ के जरिये इस वारदात की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा इलाके में छुट्टियां मनाते समय लापता हो गए थे। रघुवंशी का शव दो जून को एक खड्ड में मिला था, जबकि उनकी पत्नी घटना के बाद से लापता थी। पुलिस उप महानिरीक्षक मारक ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''सोनम ने अपने पति की हत्या की साजिश में शामिल होने की बात कबूल की है, लेकिन अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि साजिश का मास्टरमाइंड कौन है। सोनम और राज दोनों एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि साजिश का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। मारक ने कहा, ''सभी आरोपियों के बयानों में विसंगतियां हैं। हम यह भी जांच कर रहे हैं कि सोनम ने हत्यारों को कितनी रकम देने का वादा किया था और उसने पहले ही कितनी रकम दे दी थी।''

## भारत ने बांग्लादेश में टैगोर के पैतृक घर में तोड़फोड़ की 'घृणित घटना की कड़ी निंदा' की

**नयी दिल्ली** : भारत ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश स्थित पैतृक घर पर भीड़ द्वारा की गई तोड़फोड़ की बृहस्पतिवार को कड़ी निंदा की और इस हिंसक हमले को कवि की स्मृति एवं उनके समावेशी दर्शन का अपमान बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस महीने की शुरुआत में हुई तोड़फोड़ की घटना को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से इन तत्वों पर लगाम लगाने और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अपराधियों के खिलाफ ''कड़ी कार्रवाई'' करने का भी आग्रह किया। कचहरीबाड़ी, सिराजगंज जिले में स्थित टैगोर परिवार का पैतृक घर और राजस्व कार्यालय है। टैगोर ने यहां रहकर अपनी कई साहित्यिक कृतियां रची थीं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ''हम गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर भीड़ द्वारा किए गए घृणित कृत्य, हमले और तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं।'' उन्होंने कहा, '' यह हिंसक हमला नोबेल पुरस्कार विजेता की स्मृति, उनके समावेशी दर्शन एवं शिक्षाओं का अपमान है।''

### ममता ने मोदी से बांग्लादेश में टैगोर के पैतृक घर में तोड़फोड़ के मामले में हस्तक्षेप की मांग की

**कोलकाता/अगरतला** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर 11 जून को भीड़ द्वारा बांग्लादेश के सिराजगंज जिले में रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास में कथित रूप से की गई तोड़फोड़ के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा कि जिसे क्षतिग्रस्त किया गया वह सिर्फ एक घर नहीं है, बल्कि उपमहाद्वीप में 'रचनात्मकता का अक्षय स्रोत' है।



## एसी पर नियंत्रण से आगे जाने की जरूरत

ऐसे वक्त में जब भारत के अनेक हिस्सों में तेज गर्मी से पारा उछल रहा है, तपिश से बचने के लिये बिजली की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि स्वाभाविक बात है। आम आदमी से लेकर खास आदमी तक गर्मी की तपिश से बचने के लिये कूलर से लेकर एसी तक का भरपूर इस्तेमाल करता है। हाल के दिनों में घरों, कार्यालयों, होटलों व मॉल तक में एसी का उपयोग बेतहाशा बढ़ा है। जिसके चलते गर्मियों के पीक सीजन में बिजली की खपत चरम पर पहुंच जाती है। ऐसे वक्त में केंद्र सरकार ने एयर कंडीशनर यानी एसी की पहचान बिजली की बढ़ती खपत के लिये जिम्मेदार खलनायक के रूप में की है। केंद्र सरकार योजना बना रही है कि घरों,होटलों व कार्यालयों में बीस डिग्री से अट्ठाइस डिग्री सेल्सियस के बीच इस्तेमाल होने वाले इस उपकरण की कूलिंग रेंज को मानकीकृत किया जाए। नए दिशा-निर्देश लागू होने के बाद एसी निर्माताओं को बीस डिग्री से कम तापमान पर कूलिंग प्रदान करने वाले एसी बनाने से रोक दिया जाएगा। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर के अनुसार केंद्र सरकार की यह पहल बिजली बचाने और भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के प्रयासों का हिस्सा है। इस बात में दो राय नहीं कि गर्मियों की तपिश से बचने के लिये लोग अपने एसी को बहुत कम तापमान पर चलाते हैं। इस प्रवृत्ति का बिजली ग्रिड पर दबाव बहुत अधिक बढ़ जाता है। निश्चित रूप से इसके चलते बिजली कटौती की संभावना भी बहुत अधिक बढ़ जाती है। लेकिन इस संकट का अकेला मुख्य समाधान एसी को बेहद कम तापमान पर चलाया जाना ही नहीं है। इसके अलावा अन्य कारक भी हैं। यह भी एक हकीकत है कि सरकारी व निजी कार्यालयों में एसी का उपयोग काफी लंबे समय तक अंधाधुंध ढंग से किया जाता है। यहां इसके उपयोग में किफायत बरतने की दिशा में भी कदम उठाने की जरूरत है।

निस्संदेह, ऊर्जा मंत्रालय का ऊर्जा नियामक ब्यूरो, बिजली खपत कम करने वाले उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देता है। लेकिन जब गर्मी रिकॉर्ड तोड़ती बढ़ रही है तो तापमान बढ़ने पर बिजली की खपत अनिवार्य रूप से बढ़ने लगती है। लेकिन इसका एकमात्र कारण एसी का बढ़ता उपयोग ही नहीं है। हमें खुद से सवाल पूछने की जरूरत है कि हमारे शहर इतने गर्म क्यों हो रहे हैं? हम इस बढ़ते तापमान से नागरिकों को राहत क्यों नहीं दे पा रहे हैं। अंधाधुंध-अवैज्ञानिक तरीके से हो रहे निर्माण कार्य भी इसमें कम दोषी नहीं हैं। हमने चारों तरफ कंक्रीट के जंगल तो बना दिए लेकिन शहरों में हरियाली का दायरा लगातार सिमटता जा रहा है। जिससे हवा का प्राकृतिक प्रवाह भी बाधित हो रहा है। विकास के नाम पर जो सैकड़ों वर्ष पुराने पेड़ काटे जाते हैं, उसकी क्षतिपूर्ति नये पेड़ लगाकर नहीं की जाती है। हम घरों को प्राकृतिक रूप से ठंडा बनाये रखने वाली भवन निर्माण तकनीक नहीं अपना रहे हैं। यदि उष्मारोधी भवन निर्माण सामग्री को बढ़ावा दिया जाए तो लोगों को कम बिजली खपत से भी राहत मिल सकती है। हमारी जीवनशैली बिजली की खपत को लगातार बढ़ा रही है। यदि हमारे देश में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बढ़ावा दिया जाए तो सड़कों पर निजी वाहनों का उपयोग कम होने से वाहनों के गर्मी बढ़ाने वाले उत्सर्जन को कम किया जा सकता है। हमें भवन निर्माण में छतों को ठंडा रखने वाली तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसी सामग्री या सिस्टम का उपयोग किया जाना चाहिए जो पारंपरिक छत की तुलना में ताप बढ़ाने वाली सूरज की रोशनी को परावर्तित कर सके। इन उपायों से हम ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को भी कम करने का प्रयास कर सकते हैं। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ाकर और पारंपरिक जल निकायों को पुनर्जीवित करके हम तापमान को कम करने का प्रयास भी कर सकते हैं। सरकार और समाज की साझा जिम्मेदारी एक बड़े बदलाव की वाहक बन सकती है। स्थानीय निकाय, निजी क्षेत्र की संस्थाएं व गैर सरकारी संगठन निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

# हादसे की ऊँचाई से गिरते सवाल: अहमदाबाद की एक दोपहर

अहमदाबाद की सुबह सामान्य थी। लोग अपनी-अपनी दिनचर्या में व्यस्त थे। किसी ने नहीं सोचा था कि यह दिन भारत की नागरिक उड्डयन प्रणाली पर एक गहरा धब्बा छोड़ जाएगा। 12 जून 2025 को एयर इंडिया की फ्लाइट -ख-171, जो अहमदाबाद से लंदन के गैटविक एयरपोर्ट के लिए उड़ान भर रही थी, टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद क्रैश हो गई। यह हादसा न केवल 242 ज़िंदगियों को लील गया, बल्कि एक पूरे राष्ट्र की आत्मा को भी झकझोर गया।

इस विमान में 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर थे। सभी की अपनी-अपनी कहानियाँ थीं। कोई पहली बार विदेश जा रहा था, किसी को बेटी की शादी में शामिल होना था, कोई नौकरी के लिए लंदन रवाना हो रहा था, तो कोई सिर्फ़ अपने बेटे से मिलने। किसी ने शायद दरवाज़ा बंद करते समय पीछे मुड़कर देखा हो, किसी ने आख़िरी बार फोन करना कहा हो। लेकिन इस बार किसी को मौका नहीं मिला।

दुर्घटना स्थल मेघानी नगर का वो इलाका है जहाँ एक मेडिकल छात्रावास भी स्थित है। विमान का बड़ा हिस्सा उसी हॉस्टल पर गिरा, जिससे वहाँ रह रहे छह छात्र भी मौत के मुँह में समा गए। ये वो बच्चे थे जो भविष्य में किसी की जान बचा सकते थे। दुर्भाग्य देखिए, उनकी अपनी जानें ही नहीं बच सकीं। घटनास्थल की तस्वीरें जितनी भयानक थीं, उससे कहीं अधिक भयावह थी वहाँ बिखरी चप्पलें, जलते बैग, अधजली फाइलें और धुएँ में खोते चेहरे। किसी मोबाइल की स्क्रीन पर शायद अभी भी ममता का 'मिस्ड कॉल' दिख रहा होगा, किसी के फोन में व्हाट्सऐप पर अब भी लैंड करते ही मेसेज करना लिखा होगा।

किसी हादसे में मर जाना एक बात है, लेकिन बिना अलविदा कहे दुनिया छोड़ जाना एक अकल्पनीय दुःख होता है। एयर इंडिया के इस ड्रीमलाइनर विमान को 'आधुनिकतम सुरक्षा तकनीक' से लैस बताया जाता था। ड्रीमलाइनर 787 को उड्डयन जगत में विश्वसनीय माना जाता है। फिर सवाल उठता है-कैसे हुआ ये हादसा? क्या विमान में पहले से कोई तकनीकी गड़बड़ी थी? क्या मेंटेनेंस में लापरवाही बरती गई? या फिर यह एक दुर्भाग्यपूर्ण संयोग था?



कैप्टन सुमीत सबरवाल, जो इस विमान को उड़ा रहे थे, वे 8200 घंटे के उड़ान अनुभव वाले वरिष्ठ पायलट थे। उनके साथ सह-पायलट क्लाइव कुन्दर भी थे, जिनके पास भी पर्याप्त उड़ान अनुभव था। दोनों ने आख़िरी क्षण तक विमान को कंट्रोल करने की कोशिश की। ब्लैक बॉक्स से मिली रिकॉर्डिंग में कैप्टन की अंतिम आवाज़ दर्ज हुई है, जिसमें उन्होंने 'मेडे' कॉल दिया और विमान की ऊँचाई तेजी से गिरने की सूचना दी। इससे यह स्पष्ट होता है कि विमान ने अचानक ही कंट्रोल खो दिया और समय बहुत कम था।

प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने में देर नहीं की। दमकल विभाग, छ्ब्ठत्थ्, पुलिस और स्थानीय नागरिक मौके पर पहुँचे और मलबे से शव निकालने में जुट गए। लेकिन असली त्रासदी तो तब शुरू हुई जब अस्पतालों के बाहर परिजनों की चीखें सुनाई देने लगीं। जो लोग कुछ घंटे पहले तक हँसी-खुशी से अपनों को एयरपोर्ट छोड़कर आए थे, अब वे अस्पतालों में राख की थैलियाँ पहचान रहे थे।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। एयर इंडिया ने पीड़ित परिवारों के लिए 50 लाख रुपये मुआवज़े की घोषणा की है और केंद्र सरकार ने उच्च स्तरीय जाँच के आदेश दिए हैं। लेकिन इतिहास बताता है कि अधिकतर मामलों में ऐसी जाँच रिपोर्टें महीनों तक लंबित रहती हैं, और अंततः भूल दी जाती हैं। यह जरूरी है कि इस बार न केवल हादसे के कारणों की निष्पक्ष जाँच हो, बल्कि यह भी पता लगाया जाए कि क्या यह हादसा रोका जा सकता था।

यह केवल तकनीकी विफलता नहीं है, यह हमारी प्रणाली की असफलता भी है। ऊन्त्ख्- (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) की क्या भूमिका थी? क्या विमान के उड़ान भरने से पहले समुचित परीक्षण हुआ था? क्या ग्राउंड स्टाफ ने किसी गड़बड़ी की अनदेखी की थी? ये सारे सवाल अब जनता के हैं, और जवाब भी जनता को ही चाहिए।

हादसों के बाद हम अक्सर संवेदनाएं प्रकट करते हैं, मोमबत्तियाँ जलाते हैं, सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हैं और फिर भूल जाते हैं। लेकिन इस बार कुछ बदलना होगा। यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। यह हमें बताता है कि आधुनिक तकनीक और चमकदार हवाई जहाज़ भी अगर सिस्टम की लापरवाही के साथ उड़ें, तो वे केवल उड़ान नहीं, अंत बन जाते हैं।

कई परिवार ऐसे हैं जिनका एकमात्र कमाने वाला सदस्य इस हादसे में चला गया। कुछ ऐसे हैं जिनके तीन-तीन सदस्य एकसाथ उड़ान पर थे और अब उनकी कोई स्मृति शेष नहीं। एक 6 साल की बच्ची की तस्वीर वायरल हो रही है जो अपने दादा-दादी के साथ पहली बार विदेश जा रही थी। अब उसकी गुलाबी गुड़िया राख में मिली है। एक नवविवाहिता, जो ससुराल के लिए रवाना हुई थी, अब ताबूत में लौटेगी। ये केवल आँकड़े नहीं, इंसानी कहानियाँ हैं-जिन्हें हमें कभी नहीं भूलना चाहिए।

इस हादसे के बाद हमें दो काम ज़रूर करने चाहिए-पहला, पीड़ित परिवारों को हर संभव सरकारी, कानूनी और मानसिक सहायता दी जाए। और दूसरा, यह सुनिश्चित किया जाए कि भारत की कोई भी उड़ान, अगली बार उड़ने से पहले सौ बार जाँची जाए।

एक कविता पंक्ति याद आती है-

जो उड़ने चले थे सितारे बन के,
वो राख में अब निशान बन के रह गए।

हमारे लिए यह समय केवल शोक का नहीं, उत्तरदायित्व का भी है। यदि हम सिर्फ दुःख मना कर चुप हो जाएँगे, तो ये हादसे फिर होंगे। हवाई यात्रा अब केवल सुख-सुविधा की बात नहीं रही, यह अब सुरक्षा और जीवन की सबसे बड़ी चुनौती बनती जा रही है।

हमें इस बात की भी चिंता करनी होगी कि क्या भारत में नागरिक उड्डयन का निजीकरण और कम लागत की प्रतिस्पर्धा यात्रियों की सुरक्षा से समझौता करवा रही है? क्या पायलटों की थकावट, टेक्निकल स्टाफ की कमी और मुनाफे की भूख ऐसी त्रासदियाँ जन्म दे रही हैं? अगर हाँ, तो हमें निर्णय लेना होगा-सुरक्षा पहले या सुविधा? यह दुर्घटना उन सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि है जो सिर्फ मंज़िल की आशा लेकर चले थे, और अब हमारी यादों का हिस्सा बन गए हैं। वे लौटकर नहीं आएँगे, लेकिन अगर हमने उनकी याद में सिस्टम को बेहतर बना दिया, तो शायद उनके जाने का कोई अर्थ रह जाएगा। **लेखिका: प्रियंका सौरभ (स्वतंत्र पत्रकार, कवयित्री एवं सामाजिक विश्लेषक)**

# सच्ची सामाजिक संस्था वही, जिसकी नींव में दिखावा नहीं

कहते हैं, समाज परिवर्तन से बनता है और परिवर्तन संस्थाओं से। परंतु आजकल संस्थाएँ ऐसे उग रही हैं जैसे बरसात में कुकुरमुत्ते- ना स्वाद, ना पोषण, केवल फैलाव! कुछ लोग मिल गए,एक नाम रख दिया, संस्था बन गई और उस नाम को सुनकर लगता है कि संस्था नहीं, कोई सदी का मिशन हो। पर भीतर झाँकने पर दिखेगा-खोखलापन और तो और एक 'हाय' से शुरू होकर 'गुड नाइट' तक सिमटा हुआ व्हाट्सएप ग्रुप।

प्रश्न यह नहीं कि संस्थाएँ क्यों बन रही हैं, प्रश्न यह है कि क्यों इतनी जल्दी बन जा रही हैं? और क्यों इतनी जल्दी खत्म भी हो जाती हैं? क्या यह समाज सुधार के लिए एक संगठित पहल है या मंच पर माइक मिले, बस अपनी तूती बोले का आयोजन?

जब संस्थाएँ बनती हैं किसी मूल उद्देश्य से-जैसे निर्धनों की सहायता, शिक्षा का प्रचार, संस्कृति का संरक्षण-तो वे स्वयं सिद्ध होती हैं, कालजयी बनती हैं। किन्तु जब वे बनती हैं किसी फेसबुक पोस्ट या अख़बार की कटिंग की चाह में, अपने वर्चस्व एवं अपने अस्तित्व के प्रदर्शन में, धनोपार्जन एवं यशोगान में तो उनका जीवनकाल उतना ही होता है जितना किसी स्वर्ण पत्र पर छपी निमंत्रण-पत्रिका का।

संस्थाओं का होना बुरा नहीं, परंतु सार्थक होना आवश्यक है। आज एक मोहल्ले में पाँच संस्थाएँ, और हर संस्था में वही पाँच चेहरे।

क्या यह अनावश्यक दोहराव समाज की ऊर्जा का क्षय नहीं है? क्या हम यह नहीं समझते कि पाँच हल्की बूँदों से मिट्टी नहीं भीगती, किन्तु एक सशक्त धारा से प्यासे खेत सींचे जा सकते हैं?

क्या यह सम्भव नहीं कि हम संस्थाओं की संख्या नहीं, गुणवत्ता बढ़ाएँ? क्यों न पाँच लोग पाँच संस्था खोलने के बजाय, एक ही संस्था में पांच भागीदारी निभाएँ? हर किसी को संस्थापक कहलाने की इतनी जल्दी क्यों है? क्या समाज सेवा तब तक अधूरी है जब तक उसमें अध्यक्ष के आगे नाम न लगे?

यदि समाज सेवा वाकई उद्देश्य है, तो मंच नहीं, मन बड़ा चाहिए। अगर लक्ष्य जनहित है, तो नाम की नहीं, काम की जरूरत है। मुझे अध्यक्ष बना दो की लालसा से मुझे उत्तरदायित्व सौंपो का संस्कार ज़्यादा आवश्यक है।

आजकल संस्था की सक्रियता इस बात से मापी जाती है कि उसमें कितने एडमिन हैं, कितनी शुभकामना पोस्ट आईं और कितने महापुरुषों की जयंती मनाई गई। कुछ संस्थाएँ तो बस इसीलिए चल रही हैं कि इस ग्रुप में मंत्री जी भी हैं!

संस्था का संस्थापक दिवस मना तो लिया, पर साल भर में कोई ठोस जनोपयोगी कार्य नहीं। कंबल वितरण, साड़ीवितरण और वृद्धाश्रम की फोटो खिंचवा कर सोशल मीडिया पर समाजसेवी का टैग लगवा लेना ही आज का वास्तविक कर्म बन चुका है।

समाज को अब संगठन के संगठन की नहीं, सार्थक संगठन की आवश्यकता है। क्यों न हम सभी मिलकर कुछ चुनी हुई संस्थाओं को मज़बूत करें? एक संस्था में सौ लोग काम करें, बजाय सौ संस्था में एक-एक।

**क्या ऐसा नहीं हो सकता कि सभी संस्थाएं एक होकर, मिलजुल कर काम करें। यदि ऐसा संभव होता है तो इन संस्थाओं द्वारा शुरू की गईं सभी समाजोपयोगी गतिविधियों को शक्ति और गति दोनों मिलेगी। इससे समाज का भी कल्याण होगा और संस्थाएं भी दीर्घायु होंगी।**

हमें बस यह याद रखना है कि समाजसेवा को संस्था की आड़ में प्रतिष्ठा की सीढ़ी न बनाया जाए, बल्कि उसे कर्तव्य का कर्मभूमि समझा जाए। जब लक्ष्य स्पष्ट, मार्ग शुद्ध और मन समर्पित हो, तब संस्था स्वयं एक पथप्रदर्शक बन जाती है।

संस्थाएँ समाज का आईना होती हैं-परंतु आईना अगर रोज रंग-बिरंगे फ्रेम बदलने लगे और धूल में ढँक जाए, तो चेहरा कैसा दिखेगा?

संस्थाएँ यश की सीढ़ी नहीं, दायित्व का दीपक हों-यही अपेक्षा है।

वरना फिर वही होगा-हाय, हेलो से शुरू होकर डिलीट फॉर एवरीवन तक समाप्त।

-लेखक: डॉ. त्रिलोक नाथ पाण्डेय

# पहाड़ों की संवेदनशीलता को गंभीरता से समझने की ज़रूरत



रोहित माहेश्वरी

उत्तर भारत में गर्मी बढ़ते ही लोग चिल-चिलाती गर्मी और उमस से निजात पाने के लिए पहाड़ की ओर रुख करना शुरू कर देते हैं। इस बार भी गर्मी अपने चरम पर है और उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। ऐसे में लोगों का पहाड़ पर जाने का सिलसिला जारी है। पहाड़ भले ही पर्यटकों से गुलजार हैं लेकिन भारी संख्या में अपने वाहनों के साथ पहुंचे इन पर्यटकों ने पहाड़ों पर ट्रैफिक जाम को बढ़ा दिया है। उत्तराखंड में इस समय चार धाम यात्रा भी अपने पीक पर है, जिससे यातायात व्यवस्था और अधिक जटिल हो गई है। कमोबेश ऐसे ही हालात हिमाचल प्रदेश के भी हैं।

शायद इन पर्यटकों को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं कि जो मजा लेने के लिए वे पहाड़ों पर जा रहे हैं वह उनके लिए सजा भी बन सकता है। पहले से बोझ झेल रहे पहाड़ों पर यह भीड़ तबाही भी ला सकती है। पहाड़ लगातार इशारा कर रहे हैं, खुलेआम संकेत दे रहे हैं और कई बार सीधी चेतावनी भी, फिर भी वीकेंड पर शिमला से लेकर मसूरी तक और मनाली से लेकर हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून और नैनीताल तक पर्यटकों और उनके वाहनों का जाम लगा है। एक घंटे का सफर 6 से 8 घंटों में हो रहा है। इसके बाद भी, पहाड़ों पर जाने वालों की संख्या घटने की बजाय लगातार बढ़ ही रही है। यह स्थिति किसी एक पहाड़ी शहर या राज्य की नहीं है बल्कि देश के तमाम पर्वतीय राज्य लोगों और वाहनों की बेलगाम भीड़ से घायल हो रहे हैं। धूल, धुआं, कचरा, शोर और भीड़ का दबाव पहाड़ों का सीना घायल कर रहे हैं।

चारधाम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक उत्तराखंड आते है। ऐसे में पहाड़ों पर वाहनों का दबाव भी बढ़ता है। वाहनों से निकलने वाला धुआं भी वातावरण में घुल रहा है। वाहनों के बढ़ते दबाव से उत्तराखंड की आबोहवा को कितना नुकसान पहुंच रहा है। कारखानों से निकलता धुआं, लगातार कटते जंगल, वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण और वनाग्नि ये सब उत्तराखंड के लिए घातक साबित हो रहे है। जिसका असर सीधे तौर पर हिमालय पर पड़ रहा है। उत्तराखंड और हिमाचल के टूरिस्ट स्पॉट डेंजर जोन में हैं। खास तौर से मनाली, शिमला और नैनीताल ऐसे इलाके हैं जहां पहले से क्षमता से अधिक बोझ है। साल 2023 की शुरुआत में जब जोशीमठ को धंसने की वजह से खाली कराया जा रहा था, तब इस बाबत कई चेतावनियां जारी भी की गई थी। इनमें बताया गया था कि कैसे पहाड़ों पर लगातार बढ़ रहा बोझ खतरा बन सकता है। समय-समय पर पहाड़ों में आने वाली आपदा इन्हीं खतरों का संकेत मानी जा रही है। सबसे खास बात ये है कि हिमाचल के सबसे बड़े टूरिस्ट स्पॉट शिमला और मनाली सबसे ज्यादा खतरे में हैं। हिमाचल प्रदेश में शिमला को 25 हजार की आबादी के लिए बसाया गया था। अब यहां तकरीबन ढाई लाख लोग रहते हैं, सबसे खास बात ये है कि यहां हजारों की संख्या में पहुंचे पर्यटक इस बोझ को कई गुना बढ़ा देते हैं। इसी का परिणाम है कि पहाड़ों पर बसा शिमला धीरे-धीरे धंस रहा है। यहां का लक्कड़ बाजार, लद्दाखी मोहल्ला समेत शिमला का एक चौथाई हिस्सा धंसाव वाले एरिया में आ चुका है। कई भूवैज्ञानिक सर्वे इसे असुरक्षित घोषित कर चुके हैं। भूवैज्ञानिक और एनविरोनिक्स ट्रस्ट श्रीधर राममूर्ति ने एक इंटरव्यू में कहा था कि यहां बढ़ रहा निर्माण और नाजुक भूविज्ञान शिमला को धीरे-धीरे धंसा रहा है। हालात इतने गंभीर है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को 2017 में ही शिमला के मुख्य और हरित क्षेत्रों में किसी भी तरह के निर्माण पर रोक लगा चुका है।

हिमाचल का मनाली भी डेंजर जोन में है। मैक्लोडगंज स्थित विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के रिकॉर्ड के मुताबिक यहां बढ़ रही भीड़ बड़ा खतरा बनती जा रही है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग के पूर्व निदेशक राम कृष्ण ठाकुर ने एक साक्षात्कार में बताया था कि मनाली शहर भी जोशीमठ की तरह ही भूस्खलन के मलबे पर बसा है। यहां आबादी और पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार नहीं हो सका है। यहां न तो जल निकासी की व्यवस्था है और न ही सीवरेज प्रणाली है। ऐसे में पहाड़ों पर लगातार बढ़ रही भीड़ से यहां पानी का रिसाव बढ़ सकता है जो जोशीमठ जैसी आपदा का कारण बन सकती है। उत्तराखंड का खूबसूरत शहर नैनीताल धीरे-धीरे दरक रहा है। खासकर बारिश के मौसम में यहां भूस्खलन आम बात है। खास तौर से बलियानाला के आसपास का इलाका ज्यादा प्रभावित है। यहां 1867 में ही अंग्रेजों ने निर्माण प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन तब से यहां की आबादी कई गुना बढ़ चुकी है। बताया जाता है कि नैनीताल को 20 हजार लोगों की क्षमता के लिए बसाया गया था, लेकिन अब यहां लाखों की संख्या में लोग हैं। इसके अलावा हजारों पर्यटक इस बोझ को और बढ़ा देते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार,कि यदि वाहनों के दबाव को कम नहीं किया गया तो इससे माल रोड सहित अन्य सड़कों पर भू धंसाव व दरारें आ सकती हैं। बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप का दुष्प्रभाव झील के साथ ही शहर के प्राकृतिक जल स्रोतों पर भी पड़ा है। हिमाचल और उत्तराखंड में लगातार पर्यटक बढ़ रहे हैं। पिछले पांच साल की ही बात करें तो इनकी संख्या लाखों-करोड़ों में पहुंच गई है। कोरोना के साल 2020 और 2021 में जरूर यहां पर्यटकों की संख्या न के बराबर रही, लेकिन उसके बाद से फिर हालात भयावह होने लगे। एक रिपोर्ट में ये बताया गया था कि मनाली में 1980 में सिर्फ 10 होटल हुआ करते थे, लेकिन अब इनकी संख्या ढाई हजार से ज्यादा हो चुकी है।

पहाड़ पर बन रही सड़कें, पहाड़ तोड़ने में होने वाले विस्फो', नदियों में सड़क निर्माण का मलबा, पहाड़ों की गलत तरीके से कटाई, पहाड़ के नीचे लंबे सुरंग प्रोजेक्ट, पहाड़ी शहरों पर बढ़ती आबादी, पहाड़ में घर निर्माण की नई शैली, लगातार लगते जा रहे बड़े-बड़े हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट, पर्यटन और पर्यटकों का बढ़ता बोझ, क्लाइमेट चेंज, टूटते ग्लेशियर और कम समय में अचानक होने वाली ज्यादा बारिश पहाड़ों के पोर पोर को तोड़ रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अनियोजित निर्माण और ट्रैफिक इसका कारण है। हालांकि,पहाड़ों पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए सरकार ने सरकारी वाहनों को इलेक्ट्रिक करने की योजना बनाई है। इसी तरह शिमला में मल्टी-स्टोरी पार्किंग बनाई गई है। नैनीताल के नजदीक भवाली से कैंची धाम के बीच शटल सेवा शुरू की गई है ताकि पर्यटक अपनी गाड़ी पार्क करके शटल के जरिए मंदिर तक पहुंच सकें। देहरादून में 'ऑपरेशन लगाम' नामक विशेष अभियान शुरू किया गया है जिसका मकसद ट्रैफिक नियमों का पालन करवाना और अव्यवस्था को रोकना है।

सरकार को पर्यटन से कमाई करने के साथ ही ऐसी व्यवस्था भी करनी चाहिए कि गर्मी के सीजन में पहाड़ की भौगोलिक व्यवस्था बनी रहे। कोई भी समस्या सबसे ख़तरनाक तब है जब आम लोग इसे समस्या माने ही ना। पहाड़ों को चुनौती देना मानवता के लिए ठीक नहीं है। इसकी संवेदनशीलता को गम्भीरता से समझने की ज़रूरत है। कुल मिलाकर पहाड़ी शहरों में वाहनों की बढ़ती संख्या और जनसंख्या को तत्काल रोकना जरूरी है अन्यथा पहाड़ों पर दबाव बढ़ता जाएगा। यह भूस्खलन, प्रदूषण, वन कटाई और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को और तीव्र कर रहा है। अगर इसे नियंत्रित न किया गया, परिणाम भयावह होगे। -स्वतंत्र पत्रकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 जून, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ कृष्णपक्ष द्वितीया, 15:16 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 23:11 तक, योग : शुक्ला, 13:37 तक, सूर्योदय: 4:51, सूर्यास्त: 18:21, चन्द्रोदय : 20:22, चन्द्रास्त: 06:12, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 09:56 से 11:36

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपकी कर्मठता और आत्मविश्वास करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेगा। कोई पुराना अटका हुआ पैसा मिलने की संभावना है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए दिन बेहद अनुकूल है। खासतौर पर वे जातक जो प्रॉपर्टी, फैशन, खाद्य या विलासिता वस्तुओं के व्यापार से जुड़े हैं उन्हें नये कॉन्ट्रैक्ट या कस्टमर मिल सकते हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। आपकी निर्णय क्षमता और वाक्पटुता करियर में विशेष लाभ दिला सकती है। शिक्षा से जुड़े जातकों के लिए दिन भाग्यवर्धक है।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। चंद्रमा की स्थिति आपके लिए भाग्यशाली सिद्ध हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी और आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का दिन शुभ है और आप अत्यंत ऊर्जावान रहेंगे, जिससे आप अपने कार्यों को समय से पूर्व ही पूर्ण कर लेंगे। कार्यस्थल पर वाणी की मधुरता बनाए रखेंगे।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों का दिन आपको करियर और व्यापार में अप्रत्याशित सफलता दिला सकता है। कानून से जुड़े लोग कोई बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए दिन आर्थिक दृष्टि से सौभाग्यशाली हो सकता है। लंबे समय से जो लेन-देन अटका हुआ था वह अचानक सुलझ सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है। जिससे कार्यों में गति आएगी। हालांकि स्वास्थ्य में गिरावट संभव है, विशेषकर पुराने रोगों का पुनः सक्रिय होना।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को करियर में लाभ होगा। आपके करियर और वित्त दोनों में सकारात्मक उन्नति के संकेत हैं। नौकरी में बॉस आपके विचारों से प्रभावित होंगे।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए व्यवसायिक दृष्टिकोण से दिन शुभ है। जो लोग तकनीकी, निर्माण, कृषि या खनिज क्षेत्र से जुड़े हैं उनके लिए लाभ के अवसर सुलभ होंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए दिन कार्यस्थल पर चुनौतीपूर्ण हो सकता है। गलतफहमियों के कारण किसी परियोजना में बाधा उत्पन्न हो सकती है। धन की आवक सामान्य रहेगी।

**मीन :** मीन राशि के लोगों का दिन धन और करियर के क्षेत्र में उत्साहवर्धक रहेगा। व्यापार में कोई रुका हुआ सौदा पूरा होगा और उसमें अच्छा लाभ भी मिलेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3121

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | |
| ■ | | ■ | 7 | | | 8 | ■ | | ■ |
| 9 | | | | ■ | ■ | 10 | | | |
| 11 | | ■ | 12 | | 13 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 14 | | ■ | | ■ | 15 | | 16 |
| 17 | | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| ■ | ■ | 20 | | | ■ | | ■ | 21 | |
| 22 | 23 | | ■ | 24 | 25 | | 26 | ■ | |
| 27 | | ■ | 28 | | | ■ | 29 | | |

*ऊपर से नीचे:-* 2) पाजीपन, 3) अंधा, 4) माथे का तिलक, 6) बेर, 7) अंतिम क्षण *(जीवन का)*, 8) अमीर, 9) दुष्कृत्य, 13) दिन, 14) सफलता, 15) रोग का आक्रमण, 16) सत्ता-का अपहरण, 18) जल्दी-जल्दी, 19) प्रेक्षक, 22) शताब्दी, 23) ढेर; नृत्य, 25) रोका गया, 26) गोंद. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) संदेह, 3) गाँठ; वैमनस्य; लपेट; दो उँगलियों के बीच की जगह, 5) एक भारतीय खेल, 7) अँधेरा, 9) लकड़ी चीरने का औज़ार, 10) भगवान द्वारा किया गया, 11) तल्लीन; मग्न, 12) जेल में रहने का दंड, 14) समय, 15) धनसंपत्ति, 17) सारा, 18) दानेदार, 20) पीड़ा, 21) कैथोलिक सर्वोच्च धर्मगुरू, 22) पियक्कड़, 24) अग्निशामक गाड़ी, 27) एक संख्या, 28) छाँटना, 29) समतल.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिं | दा | स | ■ | ■ | आ | ब | रू | ■ | ह |
| ■ | ग़ | ■ | अं | ति | म | ■ | प | ह | रा |
| अ | दा | व | त | ■ | र | ही | म | ■ | भ |
| द | र | ■ | रा | व | ण | ■ | ती | स | रा |
| ली | ■ | ह | ल | का | ■ | स | ■ | ह | ■ |
| य | ती | म | ■ | ल | प | ल | पा | ना | ■ |
| ■ | रं | ■ | ग | त | ■ | वा | ■ | ■ | शै |
| प | दा | र्प | ण | ■ | सा | र | ही | न | ता |
| ता | ज | ■ | ना | गि | न | ■ | क | र | नी |

## सुडोकू-पहेली-3078

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 9 | | | | | | 7 |
| | 7 | | 3 | | 6 | 9 | | |
| 1 | 3 | | | | | | 8 | |
| 7 | | | 6 | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | 8 | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | | 6 | | | | |
| 9 | | | | | | 5 | | |
| | | | 8 | | | | | 4 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3077 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 |
| 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 7 |

# मुर्शिदाबाद व महेशतल्ला हिंसा पर बंगाल विधानसभा में भारी हंगामा, भाजपा विधायकों ने सदन से किया वाकआउट

❑ **हिंसा की घटनाओं पर अध्यक्ष द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव खारिज किए जाने के बाद किया हंगामा**
❑ **लगातार 50 मिनट तक सदन के भीतर नारेबाजी करते रहे भाजपा विधायक, ममता सरकार को बताया हिंदू विरोधी**



**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा में गुरुवार को मुर्शिदाबाद और कोलकाता से सटे दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतल्ला के रवींद्रनगर इलाके में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा की घटनाओं को लेकर विपक्षी भाजपा के विधायकों ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन और सदन से वाकआउट किया। मानसून सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के बाद विधानसभा में तनाव उस समय बढ़ गया जब अध्यक्ष (स्पीकर) बिमान बनर्जी ने भाजपा विधायक दल द्वारा मुर्शिदाबाद और महेशतल्ला में हुई हिंसा की हालिया घटनाओं पर चर्चा की मांग पर लाए गए दो अलग-अलग कार्य स्थगन प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इससे नाराज नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में सभी भाजपा विधायक अपनी सीटों से खड़े होकर अध्यक्ष के फैसले का विरोध किया और ममता सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू दी। कई भाजपा विधायकों ने अध्यक्ष के आसन के पास में आकर नारे लगाए। दोपहर 12 बजे से लेकर करीब 50 मिनट तक लगातार नारेबाजी चलती रही और जबर्दस्त प्रदर्शन के बाद सभी भाजपा विधायकों ने सदन से वाकआउट कर दिया। सभी भाजपा विधायक भगवा गमछा और धार्मिक प्रतीकों वाले झंडे लिए हुए थे और सदन के भीतर इसे लहराते हुए, राज्य सरकार पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्होंने कागज के टुकड़े भी फाड़कर फेंके। भाजपा विधायकों के हंगामे के बीच हालांकि विधानसभा की कार्यवाही जारी रही। वाकआउट के बाद सुवेंदु के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने हिंसा की घटनाओं के खिलाफ विधानसभा से राजभवन तक मार्च किया।

विपक्ष के नेता सुवेंदु ने अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर जबकि उनकी पार्टी के विधायक पुना भेंगरा ने बुधवार को महेशतल्ला में हुई हिंसा और झड़पों को लेकर अलग-अलग कार्य स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया था।

अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने दोनों प्रस्तावों को इस आधार पर खारिज कर दिया कि मुर्शिदाबाद हिंसा का मामला न्यायालय में विचाराधीन है और महेशतल्ला झड़पों से संबंधित मुद्दों पर इस समय सदन में चर्चा नहीं की जा सकती। इससे भाजपा विधायक भड़क गए और प्रदर्शन किया।

वहीं, मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और मंत्री शशि पांजा ने भाजपा विधायकों के आचरण की निंदा करते हुए दावा किया कि सदन में भगवा झंडा लहराना और हिंदू विरोधी सरकार जैसे नारे लगाना अनुचित और असंसदीय था।

❑ **अध्यक्ष ने भाजपा विधायकों के आचरण की निंदा की**

अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने भी भाजपा विधायकों के आचरण की कड़ी निंदा की और स्पष्ट कहा कि इस तरह से विधानसभा को बाधित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर प्लेकार्ड या धार्मिक पताका लेकर नहीं आया जा सकता, लेकिन भाजपा के सदस्य कोई नियम कानून नहीं मानते हैं। उनका आचरण देखकर अवाक हो जाता हूं। हम चाहते तो इस मामले में कार्रवाई कर सकते थे, लेकिन हम नहीं चाहते कि विपक्षी सदस्य विधानसभा की कार्यवाही से वंचित हो। हम चाहते हैं कि विपक्षी सदस्य जनहित में स्वस्थ्य चर्चा करें।

# विधानसभा में विधायकों की कम उपस्थिति पर भड़के स्पीकर, कहा- यह स्कूल नहीं

❑ **कहा- विधानसभा जैसे महत्वपूर्ण मंच पर कम से कम जिम्मेदारी और अनुशासन तो होना ही चाहिए**
❑ **जब जनता ने भरोसे से चुनकर भेजा है, तो उसका सम्मान होना चाहिए**



**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) बिमान बनर्जी ने मानसून सत्र के दौरान सदन में विधायकों की कम उपस्थिति को लेकर गुरुवार को कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह स्कूल नहीं है, लेकिन अनुशासन का पालन जरूरी है। विधायकों को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा जैसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक मंच पर कम से कम जिम्मेदारी और अनुशासन तो होना ही चाहिए। स्पीकर ने कहा, मैं तो किसी विधायक को आने से रोक नहीं सकता, लेकिन क्या उन्हें खुद समझना नहीं चाहिए कि वे क्यों और किसके लिए चुने गए हैं?

जब जनता ने भरोसे से चुनकर भेजा है, तो उसका सम्मान होना चाहिए। स्पीकर की इस नाराजगी के समर्थन में शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने भी कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कई विधायक सवाल पूछते हैं, लेकिन जब सदन में मंत्री द्वारा उनके सवालों के जवाब दिए जाते हैं, तब वे स्वयं मौजूद नहीं होते। यह न तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए सही है और न ही सदन की गरिमा के लिए। इससे यह संदेश जाता है कि विधायकों की रुचि सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराने या रिकार्ड में सवाल रखने तक सीमित है, न कि वास्तव में जनता की समस्याओं को हल करने में। विधानसभा स्पीकर ने भी कहा कि चाहे प्रश्नकाल हो, शून्यकाल हो या किसी प्रस्ताव और विधेयक पर बहस हो, सभी विधायकों की उपस्थिति जरूरी होती है। यह सदन कोई औपचारिकता निभाने की जगह नहीं है। यहां हर पल लोकतंत्र की नींव मजबूत होती है। अगर जनप्रतिनिधि ही गैर-जिम्मेदार बनेंगे तो लोकतंत्र की नींव डगमगा जाएगी।

मालूम हो कि यह पहली बार नहीं है जब विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में विधायकों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताई है। इससे पहले भी वे विभिन्न सत्रों के दौरान कई मौके पर इसको लेकर सवाल उठा चुके हैं।

# विधानसभा में दिए गए ममता बनर्जी के भाषणों का संकलन होगा प्रकाशित

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा की पहल पर सदन में दिए गए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अब तक के चुनिंदा भाषणों का एक विशेष संकलन प्रकाशित किया जाएगा। इस संकलन में वर्ष 2011 से अब तक विधानसभा में दिए गए उनके प्रमुख भाषण शामिल होंगे। वर्ष 2011 में ममता बनर्जी ने पहली बार मुख्यमंत्री पद संभाला था और तभी से वे राज्य की सत्ता में बनी हुई हैं। विधानसभा के डिप्टी स्पीकर आशीष बनर्जी ने बताया कि इस संकलन का प्रारूप तैयार कर लिया गया है और मुख्यमंत्री की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही इसे आगामी सत्र में विधानसभा में औपचारिक रूप से जारी किया जाएगा।

राज्य विधानसभा की यह पहल बंगाल के राजनीतिक इतिहास में दूसरी बार हो रही है, जब किसी मुख्यमंत्री के भाषणों का दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। इससे पहले डॉ. बिधान चंद्र रॉय के भाषणों का संकलन प्रकाशित किया गया था। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ममता बनर्जी के भाषण न केवल सामाजिक योजनाओं की रूपरेखा को स्पष्ट करते हैं, बल्कि उनका राजनीतिक संघर्ष और आंदोलन भावी पीढ़ियों के लिए शोध का विषय हो सकता है। उल्लेखनीय है कि 'कन्याश्री', 'लक्ष्मी भंडार' जैसी योजनाओं को लेकर उन्होंने कई बार विधानसभा में विस्तार से अपनी बात रखी है।

# सारधा घोटाले में मुख्य आरोपित सुदीप्त सेन का एसएसकेएम अस्पताल में इलाज का निर्देश

**कोलकाता :** सीबीआइ की विशेष अदालत ने सारधा चिटफंड घोटाले में मुख्य आरोपित सुदीप्त सेन का सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में इलाज कराने का जेल प्रशासन को निर्देश दिया है। सुदीप्त की ओर से गंभीर रूप से बीमार होने का हवाला देते हुए बेहतर चिकित्सा के लिए याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा था कि उनको एसएसकेएम अथवा निजी अस्पताल में इलाज की व्यवस्था की जाए। अदालत ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली है। मालूम हो कि सारधा समूह के प्रमुख सुदीप्त सेन घोटाले में गिरफ्तारी के बाद से जेल में हैं। घोटाले की आरंभिक जांच करने वाली राज्य पुलिस ने सुदीप्त के खिलाफ 150 से भी अधिक मामले दर्ज किए थे। बाद में घोटाले की जांच का जिम्मा सीबीआइ को सौंप दिया गया था। सीबीआइ की ओर से सुदीप्त के खिलाफ पांच मामले दर्ज किए गए हैं। पता चला है कि कई मामलों में सुदीप की जमानत मंजूर हो चुकी है लेकिन निजी मुचलके की रकम जमा नहीं करा पाने के कारण वे रिहा नहीं हो पाए हैं।

**आवश्यकता**

सेल्समैन और हेल्पर की आवश्यकता, जिन्हें साड़ी सुट और ड्रेस मटेरियल की जानकारी हो। अच्छी सेलेरी Age Limit- 45 years- 9836991752

**Name Change**

I, Neelamma Chandrashekhar Jammaladinni, wife of Army No.17014918K, rank Cfn, Name: Santosh Banti residing at Village: Rampur, P.O.: Rampur Distt:Bagalkot, Karnataka-587207, do hereby solemnly affirm and declare that I have changed my name to Neelamma C Jammaladinni DOB 31st August 1995. Neelamma Chandrashekhar Jammaladinni and Neelamma C Jammaladinni pertain to one and same person before vide Notary Aliporei Judges Court dated 10th June 2025.

**Press Notice**

e-Tender is hereby invited by the Executive Officer, Barabazar Panchayat Samity, Dist-Purulia vide **NIet No.- 02/BZR/PS of 2025-26/SI no. 01, Dated- 11.06.2025** for 01 no. scheme bearing **Tender Id : 2025_DM_862512_1** under **RGSA** fund. Online bid submission commences on and from **12.06.2025 at 11.00 Hours** (As per server clock) and will be end on **27.06.2025 at 11.00 Hours** (As per server clock). Necessary details for online bidding will be available in the website **wbtenders.gov.in**

Sd/-
**Executive Officer**
**Barabazar Panchayat Samity**

# महेशतला में झड़प के संबंध में 40 लोग गिरफ्तार, हालात काबू में, धारा 163 जारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिले में दो समूहों के बीच हुई हिंसक झड़प के सिलसिले में 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हिंसक झड़प में कई पुलिस कर्मी घायल हो गये और प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करने के लिए मजबूर होना पड़ा। बता दें कि पुलिस ने बताया कि बुधवार को दोपहर अवैध निर्माण और उसके परिणामस्वरूप बिना किसी अनुमति के सरकारी भूमि पर पौधारोपण व इस प्रक्रिया में एक मौजूदा दुकान को बदलने को लेकर रवींद्रनगर थाना क्षेत्र और नदियाल थाने के आस-पास के इलाकों में दो समूहों के बीच झड़प हुई। झड़प के दौरान पुलिस पर ईंट-पत्थर बरसाए गए और आस-पास के इलाकों में अलग-अलग जगहों पर तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने 'आवश्यक बल प्रयोग किया और भीड़ को तितर-बितर' किया। पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में दर्ज सात मामलों में अब तक कुल 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हिंसा में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्थिति 'अब शांत और नियंत्रण में है'। राज्य पुलिस ने 'एक्स' पर पोस्ट में बताया कि शांति बहाल करने के लिए रवींद्रनगर थानाक्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। सभी राजनीतिक दलों या समूहों के प्रतिनिधियों को सलाह दी जाती है कि वे 163 बीएनएसएस लागू होने तक क्षेत्र का दौरा न करें। पुलिस ने बताया कि हम सभी से शांत रहने और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों में शामिल न होने का आग्रह करते हैं। अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों से कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

# महेशतला हिंसा की घटना पर हाई कोर्ट में जनहित याचिका

### नेता प्रतिपक्ष ने एनआईए जांच की मांग

महेशतला नगरपालिका के रवींद्रनगर थाना इलाके में हुई हिंसा के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने एनआईए जांच की मांग को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। शुभेंदु ने मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में जनहित याचिका दायर की है। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने पुलिस डीजी और डायमंड हार्बर के एसपी को पत्र लिखकर महेशतला जाने की अनुमति मांगी है। वह घटना के विरोध में वे राज्यपाल के पास भी गए। इस मुद्दे को लेकर राज्य के विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी बुधवार रात राज्य पुलिस डीजी राजीव कुमार से मिलने गए थे। लेकिन वे डीजी से नहीं मिल पाए। उस संदर्भ में शुभेंदु ने एक बार फिर बंगाल में यानी महेशतला में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मांग उठाई है। इतना ही नहीं उन्होंने गुरुवार को विधानसभा को बाधित करने की भी धमकी दी और वहीं हुआ भी।

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा (सीनि. डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के लिए) नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं. 1, एनआईटी सं. 30_2025-26, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** एईएन/लिलुआ के क्षेत्राधिकार के अधीन एसएसई/पी.वे/एचजीवाई के अनुभाग में अप, डाउन एवं रेव. एमएल अनुभाग (किमी. 21/0-38/00) तथा अप, डाउन टीकेए शाखा लाइन (किमी. 0/0-18-700) में पी. वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 1,74,87,334.59। **बयाना राशि:** रु. 2,37,400। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं. 31_2025-26, दिनांक 11.06.2025; कार्य का विवरण:** एईएन/बीडीसी के अधीन एसएसई/पी.वे/पीडीए के अंतर्गत केएचएन तथा पीएलएई के बीच किमी. 55/00 से 90/800 तक पी. वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित लागत:** रु.1,65,32,573.44। **बयाना राशि:** रु. 2,32,700। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** दोनों के लिए शून्य। **समापन अवधि :** प्रत्येक के लिए (12) बारह महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.06.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी तथा टीडीसी का भुगतान** -ई-निविदा के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-142/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EastenRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल में ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों का नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के बैण्डल स्टेशन की सीमा में रिवर्स लाइन पर पॉइंट एवं क्रॉसिंग सं. 275B/276A (KM 38/23-25 पर) के साथ-साथ यूपी मेन लाइन पर डायमंड पॉइंट एवं क्रॉसिंग सं. 274B/275A (KM 38/23-25 पर) के नवीनीकरण के लिए, **दिनांक 14/15.06.2025 (शनिवार/रविवार)** की मध्य रात्रि को **ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, ट्रेनों के संचालन के लिए नीचे उल्लेखित व्यवस्थाएं की गई हैं: ● **दिनांक 14.06.2025 (शनिवार) को निरस्त रहने वाली ट्रेनें: (1)** हावड़ा से: 37281, 37283, 37285 हावड़ा-बैण्डल लोकल, **(2)** बैण्डल से: 37282, 37286, 37290 बैण्डल - हावड़ा लोकल। ● **दिनांक 15.06.2025 (रविवार) को परिवर्तन :** 63501 हावड़ा-बर्धमान मेमू को हावड़ा-बर्धमान कॉर्ड के मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। ● **दिनांक 14/15.06.2025 (शनिवार/रविवार) संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू : (1)** 37287 हावड़ा-बैण्डल लोकल को चुचुरा पर समाप्त कर दिया जाएगा **(2)** 37291 हावड़ा-बैण्डल लोकल को चुचुरा में समाप्त कर दिया जाएगा तथा यह बैंडेल के बजाय 37212 बैंडेल-हावड़ा लोकल के मार्ग पर चुचुरा से ही चलेगी। **विशेष टिप्पणी :-** ब्लॉक अवधि के दौरान विशेष तथा विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें और कोई नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, तो ब्लॉक के दौरान उचित रूप से नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जन संबोधन साधन का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक/हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**ऑर्थोपेडिक अस्पताल, हावड़ा में अंशकालिक डेंटल सर्जन की नियुक्ति**

वॉक इन इंटरव्यू

**ऑर्थोपेडिक अस्पताल, पूर्व रेलवे, हावड़ा, 222, बिप्लबी हरेन घोष सरणी, हावड़ा-711101 में अनुबंध के आधार पर अंशकालिक डेंटल सर्जन के एक पद** पर निम्नलिखित नियमों और शर्तों के तहत नियुक्ति हेतु वॉक इन इंटरव्यू के लिए इच्छुक डेंटल सर्जन आमंत्रित किए जाते हैं। **नियुक्ति की प्रकृति:** यह नियुक्ति अनुबंध के आधार पर एक वर्ष या उससे कम की अवधि हेतु 04 (चार) घंटे के लिए होगी। ड्यूटी प्रतिदिन 09.00 बजे से 13.00 बजे तक सप्ताह में 06 दिन होगी। **योग्यता:** भारत संघ या भारत के किसी राज्य के डेंटल काउंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी सरकारी या गैर-सरकारी डेंटल कॉलेज से अंतिम परीक्षा में कम से कम 55% अंकों के साथ डेंटल सर्जरी में स्नातक की डिग्री। **अनुभव:** स्नातक के बाद न्यूनतम 3 वर्ष का कार्य अनुभव। स्नातकोत्तर छात्रों के लिए कोई अनुभव आवश्यक नहीं है। **चयन की विधि:** पात्र आवेदकों का चयन मौखिक परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। **पारिश्रमिक :** रु.36,900/- प्रति माह। कोई अन्य भत्ता नहीं दिया जाएगा। **आयु: दिनांक** 01.06.2025 को **64 वर्ष** से अधिक नहीं। आवेदकों को **वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मंडल रेल प्रबंधक के कार्यालय, पूर्व रेलवे, हावड़ा, पिन-711101** के कार्यालय से नियुक्ति के विस्तृत नियम व शर्तों को प्राप्त करते हुए उन पर गौर कर लें। इच्छुक आवेदक **दिनांक 25.06.2025 को सुबह 10.00 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, आर्थोपेडिक अस्पताल, पूर्व रेलवे, हावड़ा, 222, बिप्लबी हरेन घोष सरणी, हावड़ा-711101** को पंजीकरण और साक्षात्कार के लिए रिपोर्ट करें। दोपहर 12.00 बजे के बाद कोई पंजीकरण नहीं किया जाएगा। आवेदकों को जन्म तिथि (एसएससी) प्रमाण पत्र, बीडीएस/एमडीएस प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र की मूल और सत्यापित प्रतियाँ और शीर्ष पर विधिवत सत्यापित पासपोर्ट आकार के 02 फोटो साथ लाने चाहिए। यात्रा के लिए कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, आर्थोपेडिक अस्पताल, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# प्रेमिका पर की गई टिप्पणी से नाराज युवक ने रिवॉल्वर से दोस्तों पर किया हमला, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व कोलकाता के फूलबागान के कादापाड़ा इलाके में एक युवक ने शराब पार्टी के दौरान अपनी प्रेमिका को लेकर किए गए अपमानजनक टिप्पणी पर गुस्से में आकर अपने ही दोस्तों पर रिवॉल्वर लेकर हमला कर दिया। इस घटना में पुलिस ने सोनू हरी और बिनय हेला नाम के दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना मंगलवार रात कादापाड़ा इलाके में घटी, जहां शीतला पूजा के अवसर पर आयोजन के दौरान कुछ युवक शराब पी रहे थे। शराब के नशे में एक युवक ने दूसरे युवक की प्रेमिका के बारे में आपत्तिजनक बातें कहना शुरू कर दीं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया और फिर एक और युवक भी इस झगड़े में शामिल हो गया। आरोप है कि दीपक हरी नामक युवक पर पहले धक्का-मुक्की कर हमला किया गया। जब उसने इसका विरोध किया तो सोनू और बिनय रिवॉल्वर लेकर लौटे और उसे डराने लगे। फिर रिवॉल्वर की बट से दीपक के सिर पर जोरदार वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इस घटना की शिकायत फूलबागान थाने में दर्ज की गई, जिसके बाद बुधवार सुबह पुलिस ने इलाके में छापा मारकर सोनू और बिनय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# अहमदाबाद हवाईअड्डा बंद होने के कारण इंडिगो का विमान उड़ान भरने के बाद कोलकाता लौटा

**कोलकाता :** कोलकाता से अहमदाबाद के लिए उड़ान भरने के बाद एक निजी विमानन कंपनी का विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे के बंद होने के कारण बृहस्पतिवार को यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लौट आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया था। कोलकाता में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के प्रवक्ता ने बताया कि इंडिगो का विमान 6ई-318 अपराह्न एक बजकर 49 मिनट पर उड़ान भरने के बाद कोलकाता वापस आ गया। स्टैंड संख्या 53 से रवाना हुए इस



विमान में 179 यात्री सवार थे। प्रवक्ता ने बताया कि विमान अपराह्न करीब दो बजकर 52 मिनट पर कोलकाता वापस आ गया। अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के लंदन जाने वाले बोइंग 787-8 विमान में चालक दल से सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। विमान में सवार यात्रियों में से 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश नागरिक, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल था। विमानन कंपनी ने बताया कि इस दुर्घटना में कई लोगों के मारे जाने की आशंका है।

# बंगाल सरकार ने लंबित महंगाई भत्ते के भुगतान से संबंधित आदेश में संशोधन के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने लंबित महंगाई भत्ते के भुगतान से संबंधित पिछले आदेश में संशोधन के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राज्य सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में राज्य सरकार ने पिछले महीने दिए गए आदेश के कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण भी मांगा है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि याचिका दायर करते समय राज्य सरकार निर्धारित तिथि के भीतर लंबित महंगाई भत्ते के 25 प्रतिशत का भुगतान करने की प्रारंभिक प्रक्रिया कर रही है। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि हालांकि, सुप्रीम कोर्ट अभी अवकाश पर है। इसलिए, भले ही याचिका दायर की गई हो, लेकिन अवकाश अवधि समाप्त होने तक इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया जा सकता है। इसलिए राज्य सरकार ने न्यायालय की अवमानना की किसी भी संभावना से बचने के लिए लंबित महंगाई भत्ते की 25 प्रतिशत राशि का भुगतान सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर करने की तैयारी जारी रखी है।



# साइबर ठगी रोकने को राज्य सरकार ने शुरू किया टोल-फ्री नंबर

### टोल-फ्री नंबर 1930 पर काल कर इससे जुड़ी कोई भी शिकायत करा सकते हैं दर्ज

**कोलकाता :** साइबर ठगी से जुड़ी शिकायतों की रिपोर्ट करने के लिए बंगाल सरकार ने एक टोल-फ्री नंबर जारी किया है। अब से राज्य के निवासी टोल-फ्री नंबर 1930 पर काल करके इससे जुड़ी कोई भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मंत्री ने कहा किबंगाल ही नहीं, बल्कि किसी भी राज्य के लोग इस नंबर पर काल करके शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

गुरुवार को विधानसभा में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान राज्य के आइटी मंत्री बाबुल सुप्रियो ने कहा कि अब से 1930 पर काल करके साइबर फ्राड से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई जा सकेंगी। दूसरे राज्यों के निवासी भी इस सुविधा का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर किसी दूसरे राज्य का कोई व्यक्ति उस नंबर पर काल करके शिकायत दर्ज कराता है, तो वहां से शिकायत संबंधित राज्य को रिपोर्ट की जाएगी।



हालांकि, मंत्री ने यह भी कहा कि अगर आप फेसबुक या यूट्यूब जैसे किसी इंटरनेट मीडिया अकाउंट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराना चाहते हैं, तो आपको संबंधित संगठन को शिकायत दर्ज करानी होगी। बाबुल ने यह भी कहा कि उन्हें खुद कई बार ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। कथित तौर पर, फेसबुक पर बाबुल के नाम से करीब 29-30 फर्जी अकाउंट हैं। लेकिन उन्हें खुद इस बारे में कुछ नहीं पता! यूट्यूब पर उनके नाम से एक चैनल भी है, जिसके फालोअर्स की संख्या साढ़े तीन लाख को पार कर गई है। हालांकि, बाबुल यह साबित भी नहीं कर पाए हैं कि यह अकाउंट उनका ही चैनल है। उन्होंने यह बात विधानसभा में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान कही। इसके अलावा, बाबुल का तर्क यह भी है कि चूंकि 'मेटा' अपनी जानकारी बंगाल सरकार के साथ साझा नहीं करता, इसलिए वे इस संबंध में कार्रवाई करने में असमर्थ हैं। बताते चलें कि हाल ही में साइबर अपराध की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। एक के बाद एक डिजिटल गिरफ्तारी में कई लोग लाखों रुपये गंवा रहे हैं। उस संदर्भ में, राज्य ने साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करना आसान बना दिया है।

www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# ताप लहर से चिंतित सरकार, सरकारी स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में लगातार बढ़ते तापमान और लू जैसी स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए आगामी शुक्रवार और शनिवार को सभी सरकारी और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त प्राइमरी, अपर प्राइमरी, सेकेंडरी एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। यह निर्णय छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। गुरुवार को राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए बताया कि राज्य के कई जिलों, विशेषकर दक्षिण बंगाल क्षेत्र में, प्रचंड गर्मी के कारण स्कूली छात्र-छात्राओं के बीमार पड़ने की खबरें लगातार मिल रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अस्थायी छुट्टी देने का फैसला लिया गया है। शिक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट के माध्यम से कहा कि कुछ जिलों में ताप प्रवाह की गंभीर स्थिति बनी हुई है। विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए सरकार ने दो दिन स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया है। सभी संबंधित बोर्ड और संस्थानों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए हैं। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में बांकुड़ा, पुरुलिया, पूर्व मेदिनीपुर सहित राज्य के कई जिलों से यह रिपोर्ट आई है कि अत्यधिक गर्मी के कारण स्कूली छात्रों की तबीयत बिगड़ रही है।

## भीषण गर्मी में राहत के लिए बदले जाएंगे स्कूल के समय, राज्य शिक्षा परिषद ने मांगी सुबह की शिफ्ट

**कोलकाता :** भीषण गर्मी और देरी से आने वाली बारिश के कारण पश्चिम बंगाल के कई जिलों में स्कूली बच्चों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य प्राथमिक शिक्षा परिषद ने सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक स्कूलों के समय में बदलाव की सिफारिश की है। परिषद के अध्यक्ष ने राज्य सरकार को एक आधिकारिक पत्र लिखकर स्कूलों का समय सुबह 6:30 बजे से 9:00 बजे तक करने की अनुमति मांगी है। पत्र में विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के पश्चिमी जिलों का हवाला दिया गया है, जहाँ तापमान काफी अधिक होने के कारण बच्चों के लिए दोपहर के समय स्कूल जाना कठिन हो गया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ हफ्तों से राज्य में गर्मी अपने चरम पर है, और मौसम विभाग के अनुसार, जल्द ही मानसून आने की संभावना भी कम है। ऐसे में शिक्षा परिषद ने बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। अब राज्य सरकार की मंजूरी मिलने के बाद ही यह निर्णय प्रभावी होगा। अगर सरकार हरी झंडी देती है, तो आने वाले दिनों में सभी प्राथमिक स्कूल सुबह की पाली में संचालित किए जाएंगे। इस कदम से बच्चों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

## अब खत्म हुई जटिलता, 17 जून से शुरू होगी स्नातक में दाखिले की प्रक्रिया

**कोलकाता :** लंबे इंतजार और तकनीकी/कानूनी अड़चनों के बाद अब पश्चिम बंगाल में स्नातक स्तर पर कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। राज्य सरकार की ओर से गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में स्पष्ट किया गया कि आगामी 17 जून से स्नातक में दाखिले के लिए केंद्रीय पोर्टल चालू किया जाएगा।

इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के 17 विश्वविद्यालयों से अधिनस्थ 460 सरकारी और सरकार-पोषित कॉलेजों में छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसी दिन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पोर्टल को औपचारिक रूप से लॉन्च किया जाएगा, जिसके बाद शाम 4 बजे से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी।

गौरतलब है कि 7 मई को राज्य में उच्च माध्यमिक परीक्षा के परिणाम घोषित हुए थे। लेकिन उसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र को लेकर कानूनी जटिलता उत्पन्न हो जाने से दाखिले की प्रक्रिया में देरी हुई। इससे छात्रों और उनके अभिभावकों में भारी चिंता का माहौल बन गया था।

अब सरकार की ओर से अधिसूचना जारी होने के बाद छात्रों को बड़ी राहत मिली है। शिक्षा विभाग का कहना है कि दाखिला प्रक्रिया को पारदर्शी और केंद्रीकृत रूप से संचालित करने के लिए इस बार केंद्रीय पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है, जिससे छात्रों को एक ही मंच से सभी कॉलेजों में आवेदन करने की सुविधा मिलेगी।

## अनुब्रत मंडल की सुरक्षा में कटौती, धमकी फोन विवाद के बीच बढ़ी हलचल



**बोलपुर :** तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता और 'बीरभूम के बाघ' के नाम से मशहूर अनुब्रत मंडल की सुरक्षा घटा दी गई है। हाल ही में बोलपुर थाना प्रभारी को कथित धमकी भरे फोन के विवाद में घिरने के बाद यह कदम उठाया गया है। इस मुद्दे पर अब राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी संज्ञान लिया है।

अब तक अनुब्रत मंडल को वाई-प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी। उनकी गाड़ी के आगे एक पायलट कार और पीछे दो एस्कॉर्ट वाहन चलते थे। लगभग 16 सशस्त्र पुलिसकर्मी उनके साथ हर वक्त तैनात रहते थे, जो वॉकी-टॉकी के जरिए समन्वय में रहते थे। इतना ही नहीं, उनके बोलपुर स्थित निवास पर भी 4 से 6 जवान चौबीसों घंटे सुरक्षा में तैनात रहते थे।

लेकिन हाल की घटनाओं के बाद उनकी सुरक्षा में कटौती की गई है। हालांकि, इस निर्णय पर जिला पुलिस अधीक्षक अमनदीप ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

अनुब्रत मंडल दो साल तिहाड़ जेल में रहने के बाद रिहा हुए थे, जिसके बाद भी उन्हें पूरी सुरक्षा दी गई थी। अब सुरक्षा में की गई यह कटौती सियासी हलकों में कई सवाल खड़े कर रही है। क्या यह कदम केवल प्रशासनिक है या इसके पीछे कोई राजनीतिक संकेत है-यह फिलहाल चर्चा का विषय बना हुआ है।

# एसएससी घोटाले में सीलबंद रिपोर्ट तलब, वायरल वीडियो को लेकर अदालत अनभिज्ञ! उठे सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा**

एसएससी ग्रुप-सी भर्ती घोटाले में आरोपी पांच पूर्व अधिकारियों की आवाज़ का नमूना लेने की अनुमति को लेकर गुरुवार को अलीपुर विशेष सीबीआई अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान एक कथित ऑडियो-वीडियो क्लिप को लेकर अदालत में बहस छिड़ गई, जिसकी प्रामाणिकता पर सवाल उठाए गए।

सीबीआई ने हाल ही में एक वीडियो जब्त किया है जिसमें पांचों आरोपियों की आवाज़ सुनी जा रही है। इस वीडियो की सत्यता की जांच के लिए सीबीआई ने आरोपी सुबीरश भट्टाचार्य, समरजीत आचार्य, परणा बोसु, नीलाद्रि घोष और पंकज बंसल की आवाज़ का नमूना लेने की अनुमति मांगी है।

लेकिन सुनवाई के दौरान आरोपियों के वकीलों ने सवाल उठाया कि आखिर यह वीडियो क्लिप सीबीआई को कहां से और कैसे मिली? न ही इस क्लिप को लेकर कोई सीज़र लिस्ट अदालत में दाखिल की गई है और न ही इसका कोई आधिकारिक रिपोर्ट अदालत को दी गई है।

वकीलों का तर्क था कि जब अदालत को अब तक यह जानकारी ही नहीं कि क्लिप में क्या है, तब उसके आधार पर आवाज़ के नमूने लेने की अनुमति कैसे दी जा सकती है?

इस पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए सीबीआई से 1 जुलाई तक उस वीडियो क्लिप से जुड़ी सीलबंद रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि उसे यह जानना जरूरी है कि यह क्लिप कहां से, कैसे और किस प्रक्रिया से जब्त की गई।

इस घटनाक्रम के बाद एसएस कांड में नया मोड़ आ गया है, और इस वायरल क्लिप को लेकर बहस तेज़ हो गई है, जबकि खुद अदालत अब तक इस क्लिप से पूरी तरह अनभिज्ञ।

## 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप ने पार किया 11.70 लाख एंडॉयड और 69,800 आईओएस डाउनलोड का आंकड़ा



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो सेवा में डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देते हुए 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप ने अब तक 11.70 लाख से अधिक एंड्रॉयड और 69,800 से अधिक आईओएस उपयोगकर्ताओं द्वारा डाउनलोड किया जाने का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। यह ऐप रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र द्वारा विकसित किया गया है और मेट्रो यात्रियों के बीच अपनी उपयोगिता और सरलता के कारण काफी लोकप्रिय हुआ है। यह ऐप यात्रियों को कहीं भी और कभी भी अपने स्मार्ट कार्ड का रिचार्ज करने या क्यूआर कोड आधारित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करता है। एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म पर यह ऐप 5 मार्च 2022 को और आईओएस प्लेटफॉर्म पर 22 मार्च 2024 को लॉन्च किया गया था। 11 जून 2025 तक गूगल प्ले स्टोर से 11.70 लाख से अधिक एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं ने तथा ऐपल स्टोर से 69,800 से अधिक आईओएस उपयोगकर्ताओं ने इसे डाउनलोड किया है, जो इसकी लोकप्रियता का परिचायक है।

इसके अतिरिक्त, 26 जनवरी 2025 से ऐप में एक नई सुविधा जोड़ी गई है, जिसके तहत उपयोगकर्ताओं को मेट्रो सेवा से संबंधित नई सेवाओं, विशेष सेवाओं, सेवा आवृत्ति में बदलाव और सेवा बाधित होने जैसी सूचनाएं नियमित रूप से मिलती हैं, जिससे यात्रियों को बेहतर और सुगम सेवा मिल सके।

## सेगमेंट की सबसे बड़ी बैटरी कैपेसिटी के साथ जल्द लॉन्च होने वाला है आईकू ज़ेड10 लाइट 5जी

**नई दिल्ली/कोलकाता :** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू, 18 जून को अपना नया फ़ोन आईकू ज़ेड10 लाइट 5जी लॉन्च करने जा रहा है। यह फ़ोन खासतौर पर स्टूडेंट्स और ऐसे लोगों के लिए बनाया गया है जिनकी लाइफस्टाइल काफी ऐक्टिव है। आईकू ज़ेड10 लाइट आपके रोज़मर्रा के कामों को आसानी से संभाल सकता है-चाहे वह ऑनलाइन क्लास अटेंड करना हो, दोस्तों और परिवार से जुड़े रहना, वीडियो देखना, रील्स स्क्रॉल करना, चलते-फिरते गेम खेलना या फिर एक साथ कई ऐप्स का इस्तेमाल करना। इसमें मिलती है लंबे समय तक चलने वाली बैटरी और तेज़ 5जी कनेक्टिविटी, ताकि आप दिनभर बिना किसी रुकावट के पढ़ाई और एंटरटेनमेंट का मज़ा ले सकें।

# रेलवे बंगाल में सियालदह से जलपाईगुड़ी रोड तक साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस शुरू करेगा



**कोलकाता :** रेलवे ने सियालदह से जलपाईगुड़ी रोड तक एक नयी साप्ताहिक ट्रेन सेवा शुरू करने का फैसला किया है। यह ट्रेन सेवा भागीरथी नदी पर नवनिर्मित नशीपुर रेल पुल से होकर दक्षिण और उत्तर बंगाल के बीच अतिरिक्त संपर्क प्रदान करेगी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। पूर्वी रेलवे के अधिकारी ने बताया कि 13115/13116 सियालदह-जलपाईगुड़ी रोड-सियालदह हमसफर एक्सप्रेस की नियमित सेवा 20 जून से सियालदह से और इसके अगले दिन से जलपाईगुड़ी रोड से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में नशीपुर रेल पुल मार्ग से होकर चलने वाली इस ट्रेन से रानाघाट, कृष्णनगर, बरहामपुर, अजीमगंज और जंगीपुर स्टेशनों के यात्रियों को लाभ होगा, जिससे दक्षिण और उत्तर बंगाल के बीच तेज एवं सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। पूर्वी रेलवे के अधिकारी ने बताया कि 13115 सियालदह-जलपाईगुड़ी रोड हमसफर एक्सप्रेस हर शुक्रवार को रात 11.40 बजे सियालदह से रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 12 बजे जलपाईगुड़ी रोड पहुंचेगी, जबकि 13116 जलपाईगुड़ी रोड-सियालदह हमसफर एक्सप्रेस हर शनिवार को रात 8.30 बजे जलपाईगुड़ी रोड से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 8.10 बजे सियालदह पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन रास्ते में नैहाटी, रानाघाट, कृष्णनगर सिटी जंक्शन, बरहामपुर कोर्ट, अजीमगंज, जंगीपुर रोड, न्यू फरक्का, मालदा टाउन, समसी, बारसोई, किशनगंज, अलुआबाड़ी रोड और न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। अधिकारी ने कहा कि इसमें शयनयान और वातानुकूलित यान उपलब्ध होंगे।

## मालदह मंडल ने थिक वेब स्विच लगाकर बढ़ाई रेल की रफ्तार और सुरक्षा

**मालदह :** मालदह रेल मंडल ने रेल संचालन की गति और सुरक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने नेटवर्क के प्रमुख स्थानों पर थिक वेब स्विच (टीडबल्यूएस) लगाए हैं। आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इस पहल का उद्देश्य रेल सुविधाओं का विस्तार करना और ट्रेनों की गति में वृद्धि सुनिश्चित करना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक मालदह मंडल में 168 टीडबल्यूएस लगाए जा चुके थे, जबकि चालू वर्ष 2025-26 में अब तक 48 अतिरिक्त स्विच लगाए जा चुके हैं, जिससे कुल संख्या 216 हो गई है। आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ाई जाएगी, जिससे संचालन और अधिक सुगम और प्रभावी होगा। इनमें से मालदह टाउन में 46, बरहरवा में 24, साहिबगंज में 27, भागलपुर में 22 और जमालपुर में 70 टीडबल्यूएस लगाए गए हैं। यह कार्य स्थायी मार्ग निरीक्षक की निगरानी में, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार, विद्युत तथा परिचालन विभागों के समन्वय से संपन्न किया गया है। टीडबल्यूएस की टिकाऊ बनावट, न्यूनतम रख-रखाव, कम कंपन और शून्य टर्नआउट विफलता जैसी खूबियाँ इसे पारंपरिक स्विचों से कहीं बेहतर बनाती हैं। इसके चलते ट्रेनों की समयबद्धता और यात्रियों को मिलने वाला आरामदायक सफर सुनिश्चित होता है।

## 87 प्रतिशत भारतीय स्नातक अपने करियर की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त हैं

**कोलकाता :** सीएफए इंस्टीट्यूट ने भारत और 10 अन्य वैश्विक बाजारों में 9,000 से अधिक विश्वविद्यालय के छात्रों और हाल ही में स्नातक हुए छात्रों के सर्वेक्षण से नई जानकारी जारी की है। सर्वेक्षण में उनके करियर के प्रति आत्मविश्वास, क्षेत्र की प्राथमिकताओं और भविष्य के लिए तैयार वित्त करियर को आकार देने में पेशेवर प्रमाणपत्रों की बढ़ती भूमिका के बारे में जानकारी दी है। सर्वेक्षण में गतिशील नौकरी बाजार के बीच करियर विकल्पों, शिक्षा के मार्गों और नियोक्ता की अपेक्षाओं के प्रति बदलते दृष्टिकोण का पता लगाया गया है। सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारतीय स्नातकों के बीच करियर वरीयताओं की सूची में फाइनेंस सबसे ऊपर है, जिसमें 38 प्रतिशत ने इस क्षेत्र में सबसे अधिक विश्वास व्यक्त किया है, इसके बाद आईटी (32 प्रतिशत) और शिक्षा (21 प्रतिशत) का स्थान है। यह मजबूत प्राथमिकता भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में क्षेत्र की कथित स्थिरता, विकास क्षमता और वैश्विक प्रासंगिकता को दर्शाती है। कुशल फाइनेंस पेशेवरों की बढ़ती मांग के साथ, वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्रों से लैस लोग सफल होने की अच्छी स्थिति में हैं। सीएफए इंस्टीट्यूट, इंडिया की सीनियर कंट्री हेड आरती पोरवाल ने कहा, इन जानकारियों से साफ पता चलता है कि एक पीढ़ी न केवल आत्मविश्वास से भरी है, बल्कि अपने करियर के विकास के तरीके को लेकर भी सोच-समझकर काम करती है। फाइनेंस के लिए लगातार बढ़ती प्राथमिकता और प्रमाणपत्रों में रखा जाने वाला भरोसा भारतीय स्नातकों के बीच कौशल-प्रथम मानसिकता को उजागर करता है। जैसे-जैसे नियोक्ताओं से अपेक्षाएँ विकसित होती हैं, हम भविष्य के पेशेवरों को वित्तीय दुनिया में ईमानदारी के साथ नेतृत्व करने के लिए आवश्यक उपकरण, मूल्य और वैश्विक दृष्टिकोण से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएफए इंस्टीट्यूट की अध्यक्ष और सीईओ मार्गरिट फ्रैंकलिन ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हमने करियर विकल्प के रूप में फाइनेंस में बढ़ती रुचि देखी है। यह आश्वस्त करने वाला है। सीएफए इंस्टीट्यूट में, हम मानते हैं कि फाइनेंस समाज में एक आवश्यक भूमिका निभाता है और हमारे सामने आने वाली कई सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने में मदद करने के लिए इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए अधिक प्रतिबद्ध युवाओं की आवश्यकता है।

## पावर और परफेक्शन का कॉम्बो: वीवो टी4 अल्ट्रा 5जी लॉन्च

**कोलकाता :** स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने आज वीवो टी4 अल्ट्रा के लॉन्च की घोषणा की है, जो सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है जिसमें सोनी आईएमएक्स921 रियर कैमरा सेंसर है। ट्रिपल कैमरा सेटअप के साथ, वीवो टी4 अल्ट्रा फोटोग्राफी को फिर से परिभाषित करता है, जिसमें 50 एमपी सोनी 3एक्स पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा, सेगमेंट का पहला 10एक्स टेलीफोटो मैक्रो और 100एक्स हाइपरज़ूम क्षमताएं हैं। वीवो टी4 अल्ट्रा में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 9300+ प्रोसेसर है, जो सीरीज टी लाइनअप में सबसे शक्तिशाली प्रोसेसर है। इसमें स्मार्ट एआई टूल्स भी हैं, जैसे कि एआई नोट असिस्ट, एआई ट्रांसक्रिप्ट असिस्ट, एआई कॉल ट्रांसलेशन, सर्कल टू सर्च, एआई इरेज़ 2.0, एआई मैजिक मूव और एआई नेटवर्क एन्हांसमेंट। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, वीवो इंडिया के चीफ बिजनेस ऑफिसर, पंकज गांधी ने कहा, हमें वीवो टी4 अल्ट्रा का अनावरण करते हुए खुशी हो रही है, जो सुलभ कीमतों पर प्रीमियम नवाचार प्रदान करने के हमारे वादे में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सीटा सभागार में एल्मेजर स्विचगियर्स का भव्य उत्पाद प्रदर्शन




**कोलकाता, समाज्ञा :** द कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीटा) के सभागार में सत्र 2025-2026 की कार्यकारिणी का पहला कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एल्मेजर स्विचगियर्स के उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यापारियों ने एल्मेजर के उत्पादों की सराहना की और उन्हें नवीनतम तकनीक व गुणवत्ता के प्रतीक के रूप में देखा। सीटा अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा (जितू), उपाध्यक्ष कमल कुमार सुराणा, सचिव आलोक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राज कुमार बरडिया के साथ कार्यकारिणी सदस्य अरविंद तिवारी बाबा, जिनेश रामपुरिया, जितेंद्र बैद, हेमंत बागड़ी, मनोज कुमार गुप्ता की सक्रिय उपस्थिति रही। साथ ही कार्यक्रम में अविनाश वर्मा, आनंद सिंह, आदित्य अग्रवाल, मनोज सिंधी, उमा कांत अग्रवाल (बंटी), ओम प्रकाश सिंह व पैनल निर्माताओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। एल्मेजर की टीम ने उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं को बारीकी से समझा और उन्हें संतोषजनक उत्तर देकर अपने उत्पादों की व्यापक जानकारी दी।

# सीएम निवास जाने से पहले ही केन्द्रीय मंत्री सुकांत सहित दर्जनों गिरफ्तार

❑ **घटना स्थल पर जाने से रोके गए भाजपाइयों का तारातल्ला में घंटों हंगामा**




**कोलकाता :** मटियाबुर्ज विधानसभा के महेशतला नगर पालिका के रवींद्रनगर थाना इलाके में हुई हिंसा के मुद्दे पर आज भी कोलकाता सहित बंगाल के तमाम जगहों पर भाजपा का विरोध प्रदर्शन होता रहा तो सीएम ममता बनर्जी के निवास जाने के क्रम में केन्द्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार सहित दर्जनों लोग गिरफ्तार कर लिये गये हैं तो लाल बाजार पुलिस मुख्यालय के पास से विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तारी की खबर है। केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि, बंगाल की पुलिस दंगाईयों से मार खाकर भी तृणमूल की दास बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वह लोग तुलसी का पौधा लेकर सीएम ममता बनर्जी के घर जा रहें थें ताकि उन्हें देकर उनसे इंसाफ की मांग की जा सके। कारण रवींद्रनगर में दंगाईयों ने तुलसी वेदी (मंच) को ही तोड़ दिया था जो कि हमारे लिए आस्था का प्रतिक है, लेकिन पुलिस ने रोक दिया। इससे पहले जब केन्द्रीय मंत्री तारातल्ला से होकर घटना स्थल पर जा रहे थे तो उन्हें लगभग 6.9 किलो मीटर पहले ही भारी पुलिस फोर्स ने रोक दिया। ऐसे में वहां बीच सड़क पर भाजपाइयों ने घंटों हंगामा खड़ा किया। पुलिस के साथ उनकी धक्का मुक्की भी हुई। भाजपाइयों ने आरोप लगाया की तारातल्ला रोड नेचर पार्क के पास हजारों की संख्या में तृणमूलियों ने पुलिस का बैरिकेड़ लगाकर रास्ता जाम कर दिया था ताकि वह लोग घटना स्थल पर नहीं जा सके। इधर पुलिस का कहना है कि घटना स्थल वाले इलाकों में धारा 163 लगाया गया है ऐसे में वहां किसी को जाने की इजाजत नहीं है । अगर ऐसा होता है तो वहां कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा होगा। बता दे कि उक्त हिंसा की घटना में रवींद्र नगर सहित कोलकाता पुलिस के इलाकों से अबतक 39 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कुल 7 मामले दर्ज किए गए हैं।

## अल्पेनलिबे ने भारत का पहला लिक्विड चोको से भरा पॉप किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** परफेटी वैन मेले इंडिया के लोकप्रिय ब्रांड अल्पेनलिबे ने भारत का पहला लिक्विड चोको से भरा लॉलीपॉप लॉन्च किया है - अल्पेनलिबे एक्लेयर्स पॉप। लंबे समय से घर-घर में लोकप्रिय अल्पेनलिबे एक्लेयर्स अपने समृद्ध, लिक्विड चोको जैसे सेंटर के लिए जाना जाता है। अब उसी अनुभव को एक नए और सुविधाजनक प्रारूप में पेश किया गया है। केवल 5 की कीमत में मिलने वाला यह लॉलीपॉप बाहर से परिचित चबाने वाले कैरेमल से बना है, जबकि इसके केंद्र में चोको जैसे स्वाद का समृद्ध तरल भरा है। यह उत्पाद खासतौर पर किशोरों और युवा वयस्कों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, ताकि वे कहीं भी, कभी भी अपनी मीठी लालसा को पूरा कर सकें। परफेटी वैन मेले इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टर गुंजन खेतान ने कहा कि यह पॉप उपभोक्ताओं के पसंदीदा अनुभव को ही एक नए और आकर्षक प्रारूप में प्रस्तुत करता है।

## इसुजु मोटर्स इंडिया ने देशभर में आई-केयर मानसून सर्विस कैंप की शुरुआत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** इसुजु मोटर्स इंडिया ने अपने ग्राहकों को मानसून के दौरान बेहतर सेवा और रखरखाव सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से देशभर में 'आई- केयर मानसून सर्विस कैंप' शुरू किया है। यह कैंप 16 से 21 जून 2025 तक सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ग्राहक अपने इसुजु डी-मैक्स पिक-अप और एसयूवी मॉडलों के लिए विशेष सर्विस ऑफर्स और आकर्षक लाभों का लाभ उठा सकेंगे। कंपनी का उद्देश्य इस पहल के माध्यम से ग्राहकों को मौसम संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए एहतियाती जांच की सुविधा देना और उन्हें सुरक्षित व सुगम ड्राइविंग अनुभव प्रदान करना है। यह सर्विस कैंप देश के लगभग 100 शहरों में स्थित इसुजु के सर्विस सेंटर्स पर उपलब्ध होगा। ग्राहक सर्विस बुकिंग के लिए नजदीकी डीलर से संपर्क कर सकते हैं या ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 1800 4199 188 (टोल-फ्री) पर संपर्क किया जा सकता है।

# जयंत सिंह के आलीशान मकान पर कोलकाता हाईकोर्ट का अंतरिम स्थगन

### दो हफ्ते तक नहीं होगा कोई तोड़फोड़

**कोलकाता :** कामाारहाटी के चर्चित 'सफेद महल' रूपी मकान को तोड़ने के आदेश पर कोलकाता हाईकोर्ट ने अंतरिम स्थगन लगा दिया है। न्यायमूर्ति कौशिक चंद की एकल पीठ ने यह आदेश पारित किया और स्पष्ट किया कि आगामी दो सप्ताह तक इस भवन को तोड़ा नहीं जा सकेगा।

गौरतलब है कि जयंत सिंह, जो हाल ही में अपनी मां के साथ मारपीट के आरोप में गिरफ्तार हुए थे, का यह आलीशान सफेद मकान पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में है। उनकी तृणमूल कांग्रेस से कथित नजदीकी को लेकर भी चर्चा हुई, लेकिन जिस बात ने सबसे अधिक लोगों का ध्यान खींचा, वह था उनका 'प्रासाद-सदृश' मकान।

इस भवन को गिराने का निर्देश पहले कोलकाता हाईकोर्ट ने ही दिया था। हालांकि कामारहाटी नगर निगम ने इसके लिए अतिरिक्त समय मांगा था, जो मंजूर नहीं हुआ। बाद में निगम ने ई-टेंडर जारी कर मकान गिराने की प्रक्रिया शुरू की। शुक्रवार को इसे तोड़ने की योजना थी।

लेकिन इसी बीच, एक व्यक्ति प्रकाश कुमार सिंह, जो स्वयं को उक्त भवन का निवासी बताते हैं, ने कोर्ट में याचिका दायर की। उस याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने निगम द्वारा जारी तोड़फोड़ नोटिस पर रोक लगा दी। यह मामला पहले डिवीजन बेंच में था, जिसे 4 जून को एकल पीठ के पास भेजा गया। अब अगली सुनवाई 23 जून को होगी।

इस आदेश के चलते जयंत सिंह का यह भव्य सफेद 'प्रासाद' फिलहाल जस का तस रहेगा।

## सियालदह मंडल में चौथी रेल लाइन की शुरूआत को लेकर ट्रेनों के संचालन में होगा परिवर्तन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल अंतर्गत कलीनारायणपुर-शांतिपुर सेक्शन में चौथी लाइन के चालू किए जाने और राणाघाट-कृष्णनगर सिटी जंक्शन/शांतिपुर सेक्शन में यार्ड रीमॉडलिंग कार्य को लेकर 13 जून की रात 8:00 बजे से 16 जून की सुबह 4:00 बजे तक कुल 56 घंटे का नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य प्रस्तावित है। इस दौरान कई ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन किया गया है। निर्धारित अवधि में सियालदह-शांतिपुर मार्ग की कई लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी, जिनमें 13 जून को 31537, 31539, 31541 (अप) तथा 31538, 31540, 31542 (डाउन) शामिल हैं। वहीं, 14 और 15 जून को सियालदह-शांतिपुर, राणाघाट-शांतिपुर, राणाघाट-कृष्णनगर सिटी तथा सियालदह-कृष्णनगर सिटी मार्ग की दो दर्जन से अधिक लोकल ट्रेनों के साथ कृषक स्पेशल भी रद्द रहेगी। इसके अलावा, कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से प्रारंभ या समाप्त किया जाएगा, जैसे कि 31522 शांतिपुर-सियालदह लोकल राणाघाट से 10:35 बजे चलेगी, जबकि 33751 शांतिपुर-बनगांव लोकल राणाघाट से चलेगी और 33752 बनगांव-शांतिपुर, 30145 बीबीडी बाग-कृष्णनगर तथा 31835 सियालदह-कृष्णनगर लोकल राणाघाट में समाप्त होंगी। कुछ ट्रेनों का समय भी बदला गया है, जैसे 13 जून को 31512 शांतिपुर-सियालदह लोकल 45 मिनट विलंब से 04:07 बजे चलेगी और 53181 सियालदह-लालगोला पैसेंजर 60 मिनट की देरी से 14 जून की रात 00:30 बजे रवाना होगी। वहीं, 14 जून को यही पैसेंजर ट्रेन 120 मिनट विलंब से 15 जून की रात 01:30 बजे प्रस्थान करेगी।

## हावड़ा मंडल ने डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के लिए चलाया जागरूकता अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने यात्री सेवाओं के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने नेटवर्क के विभिन्न स्टेशनों पर डिजिटल जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को क्यूआर कोड-आधारित मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) ऐप अपनाने के लिए प्रेरित करना है, जो पारंपरिक टिकटिंग की तुलना में अधिक सुविधाजनक और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प प्रदान करता है। इन अभियानों के तहत रेलवे कर्मचारी यात्रियों से सीधा संवाद कर रहे हैं, उन्हें स्टेशन-विशिष्ट क्यूआर कोड स्कैन करने, यूटीएस ऐप का उपयोग करने, गंतव्य चुनने और डिजिटल भुगतान के माध्यम से टिकट प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझा रहे हैं।

यह सेवा अब हावड़ा मंडल के 150 स्टेशनों पर 247 उपलब्ध है, जिससे यात्रियों को बिना कागज़ के, भीड़ से मुक्त और संपर्करहित यात्रा का अनुभव मिल रहा है। इसके साथ ही, हावड़ा मंडल ने 286 अनारक्षित टिकट काउंटरों और 62 आरक्षण काउंटरों पर डायनामिक क्विक रिस्पॉन्स डिवाइस भी लगाए हैं, जिससे नकद रहित लेन-देन संभव हो सके और टिकट बुकिंग प्रक्रिया और अधिक सुगम हो सके।

# राज्यपाल से मिले शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायक, डायमंड हार्बर की हिंसा पर जताई चिंता

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 50 विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को कोलकाता स्थित राजभवन पहुंचा और राज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में डायमंड हार्बर पुलिस जिले में हुई हिंसात्मक घटनाओं और कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने राज्यपाल को इस विषय में एक



ज्ञापन भी सौंपा और राज्य में कानून-व्यवस्था की बहाली के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन में मुख्य रूप से चार प्रमुख मांगें रखी गईं। पहली, डायमंड हार्बर पुलिस जिले में शांति बनाए रखने के लिए केंद्रीय या अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मांग की गई।

दूसरी, पूरी घटना की निष्पक्ष और गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने की सिफारिश की गई। तीसरी, रवींद्रनगर थाने के प्रभारी मुकुल मियां को कर्तव्य में लापरवाही और पक्षपात के आरोप में गिरफ्तार किए जाने की मांग की गई और चौथी, हालिया हिंसा में प्रभावित सभी नागरिकों को सरकार की ओर से उचित मुआवजा देने की अपील की गई। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि उनकी ओर से उठाए गए सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने और जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जाएंगे।

# इलाज में लापरवाही से महिला की मौत का आरोप, नर्सिंग होम में हंगामा

**हावड़ा :** जिले के बांकड़ा इलाके में एक नर्सिंग होम में बुधवार की देर रात इलाज के दौरान 32 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की। मृतका की पहचान टीना बेगम के रूप में हुई है, जो हावड़ा के बांकड़ा मुंशीडांगा शेखपाड़ा की रहने वाली थीं और उनका ससुराल हुगली के डानकुनी में है। परिजनों के मुताबिक, टीना को बुधवार की रात करीब 10 बजे तेज पेट दर्द की शिकायत पर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान डॉक्टर ने दर्द कम करने



के लिए एक इंजेक्शन दिया, जिसके बाद उनकी हालत अचानक बिगड़ गई और रात लगभग 12 बजे उनकी मृत्यु हो गई। मौत की खबर फैलते ही इलाके में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग नर्सिंग होम के बाहर जमा हो गए और कथित तौर पर अंदर घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। आरोप है कि अस्पताल के फर्नीचर, मेडिकल उपकरण, सीसीटीवी कैमरे तक नहीं बचे। घटना की सूचना मिलते ही बांकड़ा फाड़ी की पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी इसी नर्सिंग होम में इलाज में ला-परवाही के चलते कई मरीजों की मौत हो चुकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तोड़फोड़ के समय डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ मौके से फरार हो गए।

## बजबज में विस्फोटक सामग्री जब्त, पांच लोग गिरफ्तार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के 'बज बज' इलाके से विस्फोटक सामग्री जब्त कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में बताया कि बुधवार रात करीब पौने नौ बजे इलाके से विस्फोटक सामग्री ले जाने के लिए इस्तेमाल की गई तीन बाइक भी जब्त की गई हैं। पुलिस के मुताबिक, बरामद की गई विस्फोटक सामग्री में सोडियम पाउडर, एल्युमीनियम पाउडर, फॉस्फोरस का बुरादा, लाल सल्फर और लोहे के कण शामिल हैं तथा इनका इस्तेमाल बम बनाने में किया जाता है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## सड़क किनारे मिला युवक का गला कटा शव, महिला सहकर्मी गिरफ्तार

**आसनसोल :** पश्चिम बंगाल के आसनसोल-दुर्गापुर क्षेत्र के कुल्टी थाना अंतर्गत सीतारामपुर-एथोरा रोड पर 4 जून की रात एक युवक का गला कटा शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान 27 वर्षीय देबज्योति सिंह के रूप में हुई है, जो जमुड़िया थाना क्षेत्र के निघा इलाके का निवासी था।

शव मिलने के बाद कुल्टी थाना के नियामतपुर फाड़ी की पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मृतक के परिजनों ने नियामतपुर फाड़ी में देबज्योति की सहकर्मी पम्मी शर्मा (23) के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पम्मी पुरुलिया जिले के पारबेलिया की निवासी है। परिजनों का आरोप है कि इस हत्या में पम्मी की भूमिका संदिग्ध है।

पुलिस जांच में पम्मी शर्मा को बुधवार दोपहर पूछताछ के लिए



नियामतपुर फाड़ी बुलाया गया। लम्बी पूछताछ के दौरान उसके बयान में विरोधाभास पाए जाने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

गुरुवार सुबह 11 बजे पम्मी शर्मा को आसनसोल जिला अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से 10 दिन की रिमांड की मांग की है, ताकि मामले की गहन जांच की जा सके।

पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही हत्या के पीछे की सच्चाई सामने लाई जाएगी।

# राशन कार्ड से आधार लिंकिंग में रिकॉर्ड कायम, पश्चिम बंगाल बना देश के अग्रणी राज्यों में एक

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल ने राशन कार्ड को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की है। राज्य खाद्य विभाग की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार केवल 1.5% राशन लाभार्थियों का आधार लिंकिंग बाकी है। यानी अब तक 98.5% लाभार्थियों का आधार नंबर राशन कार्ड से जोड़ दिया गया है।

इतना ही नहीं, राज्य में 97.37% राशन लाभार्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन यानी ई-केवाईसी भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस मामले में बंगाल देश के अग्रणी राज्यों में स्थान बना चुका है, जबकि कई अन्य राज्य



अब भी इस प्रक्रिया में काफी पीछे हैं।

कुछ सप्ताह पहले केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में कहा गया था कि राज्य में 93% लाभार्थियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उस समय केवल तीन-चार राज्य ही बंगाल से थोड़े आगे थे।

राज्य सरकार की यह उपलब्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि आधार लिंकिंग और बायोमेट्रिक सत्यापन से राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी, फर्जीवाड़ा रोका जा सकेगा और वास्तविक लाभार्थियों को उनका हक मिल सकेगा।

खाद्य विभाग के अधिकारी मानते हैं, इस रफ्तार से चलती रही तो शत-प्रतिशत लाभार्थियों की आधार लिंकिंग और ई-केवाईसी बहुत जल्द पूरी हो जाएगी, जिससे केंद्र सरकार की 'वन नेशन वन राशन कार्ड' योजना को भी और मजबूती मिलेगी।

## पूर्व पति ने चेक चुराकर फर्जी हस्ताक्षर से बैंक से उड़ाए 20 लाख रुपये

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम मेदिनीपुर के कोलाघाट निवासी एक महिला ने अपने पूर्व पति पर फर्जी हस्ताक्षर कर उनके बैंक खाते से 20 लाख रुपये निकालने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता की शादी वर्ष 2011 में कोलकाता के तालतला इलाके के रहने वाले अख्तर अली से हुई थी। इस दंपति का एक बच्चा भी है। महिला का आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही उन्हें ससुराल में शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। बाद में उन्होंने कोलाघाट थाने में ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की शिकायत भी दर्ज कराई थी। इसी बीच पति-पत्नी के बीच तलाक की प्रक्रिया शुरू हुई और करीब दो साल पहले उनका तलाक हो गया। अब, तलाक के लगभग डेढ़ साल बाद महिला को अपने बैंक खाते से 20 लाख रुपये की अनधिकृत निकासी की जानकारी मिली। उन्होंने जांच कराई तो पता चला कि यह रकम उनके पूर्व पति के खाते में ट्रांसफर की गई थी। महिला का आरोप है कि उनके पूर्व पति ने तलाक से पहले उनकी चेकबुक से एक चेक चुरा लिया था और बाद में उस पर उनके नकली हस्ताक्षर कर यह बड़ी रकम अपने खाते में स्थानांतरित कर ली। महिला ने संबंधित निजी बैंक पर भी गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इतनी बड़ी राशि निकलने के बावजूद बैंक ने उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं दी, जो बैंकिंग नियमों के अनुसार जरूरी था। बैंक की शाखा शेक्सपियर सरणी इलाके में स्थित होने के कारण उन्होंने वहीं शिकायत दर्ज करवाई। शेक्सपियर सरणी थाने की पुलिस शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# महिला उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार आरोपित को तृणमूल कार्यकर्ताओं ने मारा थप्पड़

❑ **आरोपित पर पोर्न फिल्म में काम करने से इन्कार करने पर एक महिला को बंधक बनाकर प्रताड़ित करने का आरोप**

**हावड़ा :** महिला उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार श्वेता खान को गुरुवार को कोर्ट ले जाने के दौरान तृणमूल के विरोध-प्रदर्शन को लेकर काफी तनाव रहा। श्वेता खान को जब जेल वैन में ले जाया जा रहा था, तब तृणमूल की महिला कार्यकर्ताओं ने उसे थप्पड़ मारा। उसे किसी तरह बचाया गया। हावड़ा के बांकड़ा इलाके में प्रदर्शन कर रहे तृणमूल कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि श्वेता ने पार्टी नेताओं के साथ तस्वीरें खिंचवाकर और उन्हें इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करके तृणमूल को बदनाम किया है। हालांकि, श्वेता ने दावा किया कि उसे फंसाया जा रहा है।



बंगाल पुलिस ने बुधवार को एक महिला के उत्पीड़न के मामले में मुख्य आरोपित श्वेता खान व उसके बेटे अरियान खान को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर उत्तर 24 परगना के पानीहाटी इलाके की 22 वर्षीय एक महिला को पोर्न फिल्म में काम करने से इन्कार करने पर हावड़ा के डोमजूड़ के बांकड़ा -फकीरपारा स्थित अपने फ्लैट में बंधक बनाकर प्रताड़ित करने का आरोप है। पिछले सप्ताह महिला मां-बेटे के चंगुल से भागने में सफल रही। पीड़िता का वर्तमान में इलाज चल रहा है, उसके सिर, हाथ पैरों और भीतरी अंगों पर गंभीर चोटें हैं।

## तलाक के बाद पत्नी को आर्थिक सहायता न देने के आरोप में बीजेपी नेता प्रद्युत मंडल गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** तलाक होने के कई महीने बीत जाने के बाद भी अपनी पूर्व पत्नी को अदालत के आदेशानुसार आर्थिक मदद नहीं देने के आरोप में बागदा के सिंद्राणी ग्राम पंचायत के



विपक्षी दल नेता एवं बीजेपी कार्यकर्ता प्रद्युत मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पत्नी की शिकायत के आधार पर बुधवार को यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, प्रद्युत मंडल के खिलाफ उनकी पत्नी ने घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए तलाक का मामला दायर किया था। अदालत ने तलाक के बाद पत्नी को नियमित आर्थिक सहायता देने का आदेश दिया था, लेकिन वह इस आदेश का पालन नहीं कर रहे थे। कई बार नोटिस देने के बाद भी आर्थिक मदद न मिलने पर पत्नी ने पुनः अदालत का रुख किया, जिसने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बावजूद आरोपी ने अदालत के निर्देशों की अवहेलना की, जिसके कारण पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

## जीआरएसई बनाएगा जीएसआई के लिए दो तटीय अनुसंधान पोत

❑ **अपतटीय भूवैज्ञानिक मानचित्रण, खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान कार्यों में सक्षम होंगे ये पोत**

❑ **आधुनिक सुविधाओं से लैस इन पोतों पर सुसज्जित वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं भी होंगी**



**कोलकाता :** रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम गार्डनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने बुधवार को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के लिए दो तटीय अनुसंधान पोतों के निर्माण हेतु अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। अनुबंध पर जीआरएसई के निदेशक (शिपबिल्डिंग) कमांडर शांतनु बोस और जीएसआई के उपमहानिदेशक डॉ. एन.एम. शरीफ ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर जीएसआई के महानिदेशक असीत साहा सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रत्येक अनुसंधान पोत की लंबाई 64 मीटर, चौड़ाई 12 मीटर और वजन लगभग 450 टन होगा। ये पोत 10 समुद्री नॉट की गति से चल सकेंगे और इन पर 35 लोगों के रहने की सुविधा होगी। डीजल-इलेक्ट्रिक प्रणोदन प्रणाली से संचालित ये पोत भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र में 5 से 1000 मीटर गहराई तक परिचालित होंगे।

इन पोतों में अत्याधुनिक वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं होंगी जो अपतटीय भूवैज्ञानिक मानचित्रण, खनिज अन्वेषण, महासागर पर्यावरण निगरानी और अनुसंधान कार्यों में सहायक होंगी।

जीआरएसई इससे पहले भी एनपीओएल को आईएनएस सागरध्वनि तथा नौसेना को छह सर्वेक्षण पोत सौंप चुका है। वर्तमान में यह शिपयार्ड नौसेना के लिए 16 युद्धपोत और एक जर्मन कंपनी के लिए आठ मालवाहक पोतों का निर्माण कर रहा है।

## आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड को राइट्स इश्यू से 49.14 करोड़ जुटाने की मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एग्री कमोडिटी बिजनेस में कार्यरत आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड को 49.14 करोड़ के राइट्स इश्यू के लिए मंजूरी मिल गई है। यह इश्यू 19 जून से 30 जून तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा। एक रुपये प्रति शेयर की आकर्षक कीमत पर यह इश्यू मौजूदा शेयरधारकों को 91:60 के अनुपात में इक्विटी बढ़ाने का अवसर देगा। रिकॉर्ड तिथि 13 जून और ऑन-मार्केट रेनुन्सिएशन की अंतिम तिथि 24 जून तय की गई है। कंपनी को यह मंजूरी बीएसई से 19 मई को प्राप्त हुई थी। इश्यू से जुटाई गई राशि का उपयोग कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत करने और कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। वित्त वर्ष 25 में कंपनी ने 120.60 करोड़ का राजस्व और 2.99 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 254% की वृद्धि है। नई रणनीति के साथ कंपनी तेज विकास की ओर अग्रसर है।

## गर्मी में जरूरतमंदों को 'पुअर ह्यूमन ट्रस्ट' ने पिलाया नींबू पानी और रूआबजा शरबत



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मैदान में बढ़ती गर्मी के बीच 'पुअर ह्युमन ट्रस्ट' के सदस्यों ने जरूरतमंद लोगों को ठंडा करने के लिए नींबू पानी और रूआबजा शरबत वितरित किया। इस कार्यक्रम के तहत करीब 5000 ग्लास शरबत लोगों को पिलाए गए, जिससे गर्मी से राहत मिली। इस दौरान अंकित शर्मा, सुधीर साव और बंटी शानवाज ने कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। यह सामाजिक सेवा कार्यक्रम गर्मी के मौसम में लोगों की मदद करने की एक सराहनीय कोशिश मानी जा रही है।

# पर्सनल लोन का झांसा देकर करोड़ों की मोबाइल ठगी, कोन्नगर का सौमिक भट्टाचार्य गिरफ्तार

**हुगली :** पर्सनल लोन दिलाने का झांसा देकर लोगों से उनके दस्तावेज लेकर महंगे मोबाइल फोन खरीदने और उन्हें बेचकर फरार होने वाले एक ठगी गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में हुगली जिले के कोन्नगर निवासी सौमिक भट्टाचार्य को बिधाननगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सौमिक कई वर्षों से इस ठगी रैकेट को चला रहा था। कोन्नगर, हुगली, हावड़ा, बिधाननगर और कोलकाता समेत कई इलाकों के सैकड़ों लोग इसके जाल में फंसे हुए हैं। आरोपी सौमिक ने पर्सनल लोन दिलाने का लालच देकर लोगों से आधार कार्ड, पैन कार्ड



और अन्य जरूरी दस्तावेज इकट्ठा किए, जिनके नाम पर महंगे स्मार्टफोन खरीदे गए। कनाईपुर निवासी अरूप दे ने बताया कि उनके नाम पर 1.30 लाख रुपये का मोबाइल लोन लिया गया, लेकिन उन्हें न तो फोन मिला और न ही लोन की राशि। ईएमआई कटने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। वहीं, कोन्नगर की मौमिता सिंह ने कहा कि सौमिक ने उनके, उनके पति और मां के नाम मिलाकर करीब 4 लाख रुपये के मोबाइल फोन खरीदे। एक मोबाइल शोरूम में जाकर केवल फोटो खिंचवाई गई, लेकिन बाद में ईएमआई कटौती शुरू हो गई। विधाननगर सिटी पुलिस के इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स थाने में शुक्ला नामक महिला की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सौमिक ने 100 से अधिक लोगों को ठगा है और ठगी की कुल रकम करोड़ों रुपये में होने का अनुमान है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर पूरे ठगी नेटवर्क का पता लगाने में लगी हुई है।

## उषा ने निफ्ट ग्रेजुएशन शो 2025 में बेस्ट गारमेंट कंस्ट्रक्शन अवार्ड के साथ संजना बी को सम्मानित किया




**कोलकाता :** भारत के अग्रणी सिलाई मशीन ब्रांड उषा इंटरनेशनल ने कोलकाता में आयोजित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट), कोलकाता के ग्रेजुएशन शो के दौरान 'निफ्ट बेस्ट गारमेंट कंस्ट्रक्शन अवार्ड 2025' के विजेता को सम्मानित किया। 2000 से, उषा प्रतिवर्ष इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्रस्तुत करके असाधारण प्रतिभा वाले उभरते फैशन डिजाइनरों को पहचान और प्रोत्साहन देता है जब वे दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए कदम रखते हैं। इस वर्ष, यह पुरस्कार देशभर के 15 निफ्ट कैंपसों में स्नातक फैशन डिजाइन छात्रों को प्रदान किया गया, जिनमें नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, गांधीनगर, भुवनेश्वर, पटना, कांगड़ा, कन्नूर, जोधपुर, शिलांग, श्रीनगर और रायबरेली शामिल हैं। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, उषा के प्रवक्ता ने कहा, हमें निफ्ट के साथ जुड़े होने पर गर्व है, एक ऐसी संस्था जो अगली पीढ़ी के फैशन लीडर्स की रचनात्मकता और इनोवेशन का पोषण और विकास करती है, जो उन्हें अपनी क्षमता को दिशा देने और उसका लाभ उठाने में मदद करती है।

# डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर पांच दिनों तक घर में रखा नजरबंद

❑ **हर तीन घंटे में पूरी गतिविधियां देने को कर रखा था मजबूर, दामाद की सूझबूझ से बचा**

**कोलकाता :** अब एक सेवानिवृत्त शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता डिजिटल गिरफ्तारी का शिकार हो गए। उन्हें भय दिखाकर लगातार पांच दिनों तक घर में ही नजर बंद रहने को मजबूर किया गया। आखिरकार, अपनी वकील बेटी और दामाद की सलाह पर उन्होंने बनगांव साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। घटना उत्तर 24 परगना के बनगांव थाना अंतर्गत प्रतापगढ़ इलाके में की है।

अजय मजूमदार इसी इलाके के निवासी हैं। बनगांव शहर की जानी-मानी



हस्तियों में से एक अजय मजूमदार अध्यापन, लेखन और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े हैं। उन्होंने ने बताया कि पांच जून को फोन आया और दूसरी तरफ से बताया गया कि काल भारतीय टेलीफोन नियामक प्राधिकरण द्वारा किया गया है। इसके बाद फोन सीबीआइ को ट्रांसफर करने की बात कही गई है, तभी दूसरी तरफ से एक व्यक्ति ने खुद को जांच अधिकारी बताया। इसके अगले ही दिन दूसरी बार उन्होंने बताया कि अजय के पैन और आधार का इस्तेमाल करके एक खाता खोला गया था। उस खाते में कई करोड़ रुपये का अवैध लेन-देन हुआ है। जालसाजों ने दावा किया कि इसका एक हिस्सा अजय मजूमदार को भी दिया गया है। इसके बाद उन पर लगातार हर तीन घंटे में अपनी सभी गतिविधियों की जानकारी देने के लिए उक्त जालसाजों ने देने का दबाव बनाया, कई बार तो सुप्रीम कोर्ट के कागजात भी भेजे। वे लोग जैसा कहा वे वैसा ही करते रहे। इस तरह कई दिन बीत गए। आरोपितों ने धमकी दी कि अगर किसी ने इस बारे में किसी को बताया तो आर्थिक जुर्माना और जेल की सजा भुगतनी पड़ेगी। इसलिए उन्होंने किसी को नहीं बताया। यहां तक कि अपनी बेटी और दामाद को भी नहीं बताया। मजूमदार की पत्नी देवयानी ने कहा कि बेटी की शादी के बाद से हम दोनों ही घर में रह रहे हैं। शुरू में हमें थोड़ा शक हुआ, लेकिन उनके कहे अनुसार हम किसी तरह बहक गए। वे जो कह रहे थे, हम वही कर रहे थे। अंत में उन्होंने कहा कि हम अपने अलग-अलग बैंक खातों में जमा सारे पैसे एक जगह डाल दें और उनके द्वारा दिए गए अकाउंट नंबर में भेज दें। उस समय मैंने चुपके से अपनी बेटी को फोन किया। अजय ने 9 तारीख को बनगांव साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में अजय के मित्र सामाजिक कार्यकर्ता देबाशीष रायचौधरी ने कहा कि सरकार अलग-अलग समय पर लोगों को विभिन्न तरीकों से जागरूक कर रही है, वे एक जागरूक व्यक्ति हैं, लेकिन इसके बावजूद वे उनके जाल में फंस गए। हालांकि, वे थोड़े समय के लिए बड़े आर्थिक नुकसान से बच गए हैं। मैं सभी से अपील करता हूं कि वे अनचाहे वीडियो काल और फोन काल से बचें। अगर कोई परेशानी हो तो प्रशासन की मदद लें। साइबर विशेषज्ञ भी यही कहते हैं। उनके अनुसार साइबर धोखाधड़ी से बचने का एकमात्र उपाय सावधानी बरतना है।

## बीएसएफ की बड़ी कामयाबी: भारत-बांग्लादेश सीमा पर 5 लाख की जाली मुद्रा जब्त

**मालदा :** बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के सतर्क जवानों ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल करते हुए पांच लाख रुपये की जाली भारतीय मुद्रा बरामद की। यह सफलता सीमा पर तैनात जवानों की सतर्कता और तत्परता का परिणाम है, जिन्होंने संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और तस्करों की साजिश को नाकाम कर दिया।

दिनांक 12 जून 2025 को लगभग 10:20 बजे पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित बीएसएफ की 71वीं वाहिनी की सीमाचौकी सोवापुर के जवानों ने पूर्व सूचना के आधार पर अतिरिक्त सतर्कता बरतते



हुए, बांग्लादेश की तरफ से 3 तस्करों की संदिग्ध गतिविधि देखी। तस्करों ने तारबंदी के निकट आकर एक पैकेट, भारतीय सीमा क्षेत्र की ओर फेंका और वापस भाग गए। ड्यूटी पर तैनात जवान ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए क्षेत्र में अपनी दबिश दी और अपने साथी जवानों और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। जवानों की त्वरीत कार्यवाही से भारतीय सीमा क्षेत्र में पैकेट उठाने की कोशिश से अपराधियों ने परहेज किया। सूचना मिलते ही बीएसएफ टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान उक्त पैकेट को बरामद किया गया, जिसे खोलने पर 500 के कुल 1000 नकली नोट मिले, जिनकी कुल कीमत 5,00,000/- है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### नीतीश कुमार ने पटना के महावीर कैंसर अस्प-ताल में धर्मशाला का शिलान्यास किया

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के फुलव-ारीशरीफ इलाके में स्थित महावीर कैंसर अस्पताल परिसर में बृहस्पतिवार को एक धर्मशाला का शिलान्यास किया। यह कार्यक्रम दिवंगत आचार्य किशोर कुणाल की 75वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी से सामाजिक-धार्मिक कार्यकर्ता बने किशोर कुणाल को राष्ट्रपति द्रौपदी ने मरणोपरांत पद्मश्री से सम्मानित किया था। वह पटना में महावीर मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक सचिव थे। धर्मशाला के शिलान्यास के अवसर पर केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने किशोर कुणाल की प्रतिमा का भी अना-वरण किया।

### झारखंड: 10 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त, महिला गिरफ्तार

**चतरा :** झारखंड के चतरा जिले में 3.82 किलोग्राम 'ब्राउन शुगर' और 2.78 किलोग्राम अफीम जब्त करने के बाद पुलिस ने एक महिला मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जब्त किये गये मादक पदार्थ की कीमत कुल 10 करोड़ रुपये है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पत्थलगड्डा थानाक्षेत्र के कुम्हार टोली स्थित महिला तस्कर के आवास से 23.06 लाख रुपये नकद और अन्य सामान भी जब्त किया है। चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को मधु कुमारी नाम की महिला के आवास पर मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के बारे में सूचना मिली थी। अग्रवाल ने संवाददाताओं को बताया, सूचना के आधार पर सिमरिया अनुमंडल पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

# सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करें छात्र : मुख्यमंत्री




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को छात्रों से सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने का आह्वान करते हुए कहा कि इन सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचाने से राष्ट्र को क्षति होती है। मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'सार्वजनिक संपत्ति निजी संपत्ति नहीं है। यह पूरे समाज के योगदान से बनती है। अगर कोई इसे नुकसान पहुंचाता है तो वह राष्ट्र को नुकसान पहुंचा रहा होता है। इस तरह के कृत्यों को उजागर किया जाना और रोका जाना चाहिए।' हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी किस संदर्भ में की। उन्होंने कहा, ''आप सभी के पास मोबाइल फोन हैं। अगर आप किसी को सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए देखते हैं, तो उसका वीडियो बनाएं और उसे वायरल करें। हम सुनिश्चित करेंगे कि उस व्यक्ति की पहचान करके उससे वसूली की जाए।' आदित्यनाथ ने राज्य में 'नकल विहीन' परीक्षाएं आयोजित करने के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'पहले शिक्षा के नाम पर सामूहिक धोखाधड़ी एक व्यवसाय बन गई थी। लोग परीक्षा फॉर्म भरते थे और परीक्षा देने के लिए किसी और को बैठा देते थे। परिणाम प्रमाण पत्र के साथ लोगों के घर भेजे जाते थे। यह पूरी तरह से धोखाधड़ी थी।' आदित्यनाथ ने आरोप लगाया, 'प्रदेश की पिछली सरकारों ने उत्तर प्रदेश में गड़बड़ घोटाले और तबादला-तैनाती के रूप में दो बड़े व्यवसाय शुरू किए थे, लेकिन अब हमारी सरकार ने उन कारोबारों को बंद कर दिया है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि अब परीक्षाएं केवल सीसीटीवी निगरानी और पर्याप्त मूलभूत सुविधाओं और समुचित फर्नीचर की उपलब्धता वाले केंद्रों पर आयोजित की जाती हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में पिछले आठ वर्षों के कार्यकाल में आठ लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। आदित्यनाथ ने कहा, 'हम अब बीमारू राज्य नहीं हैं। उत्तर प्रदेश एक नए भारत के नए चेहरे में बदल गया है।' उन्होंने यह भी कहा कि बोर्ड की जो परीक्षाएं पहले दो से तीन महीने में पूरी होती थीं, वे अब सिर्फ 13 दिनों में ही सम्पन्न हो जाती हैं। मुख्यमंत्री ने छात्रों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, 'परीक्षाएं छात्रों को परेशान करने का माध्यम नहीं होनी चाहिए।'

### ऑनलाइन गेमिंग और शर्त लगाने के नियमन की जरुरत: इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का निर्देश दिया है। यह समिति जांच करेगी कि क्या ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी को विनियमित करने की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने कहा कि मौजूदा सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 ब्रिटिश शासन के जमाने का कानून है जो केवल ताश के पत्ते जैसे पारंपरिक खेलों के नियमन तक सीमित है। अदालत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के आर्थिक सलाहकार प्रोफेसर केवी राजू की अध्यक्षता में इस समिति का गठन किया जाए जिसमें प्रमुख सचिव (राज्य कर) को सदस्य के तौर पर शामिल किया जा सकता है। इनके अलावा विशेषज्ञ भी सदस्य हो सकते हैं।

## न्यूज अपडेट

### बठिंडा में लावारिस कार में महिला 'इन्फ्लुएंसर' का शव मिला



**चंडीगढ़ :** पिछले कई दिनों से लापता सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' कंचन कुमारी का शव पंजाब के बठिंडा जिले में एक पार्किंग में एक लावारिस कार में मिला है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर 30 वर्षीय कंचन के 'इंस्टाग्राम' पर 3.84 लाख 'फॉलोअर्स' हैं और वह फनी भाभी नाम से एक यूट्यूब चैनल चलाती थीं, जिसपर 2.36 लाख 'सब्सक्राइबर' थे। वह लुधियाना की रहने वाली थीं। पुलिस ने बताया कि नौ जून को वह अपनी मां को यह कहकर घर से निकली थीं कि वह एक प्रमोशन इवेंट के लिए जा रही हैं। पुलिस ने बताया कि उसके बाद परिवार उनसे संपर्क नहीं कर सका। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बठिंडा के आदेश विश्वविद्यालय के पास पार्किंग क्षेत्र में एक कार से दुर्गंध आने की सूचना दी, जिसके बाद शव बरामद हुआ। बठिंडा के पुलिस अधीक्षक (शहर) नरिंदर सिंह ने बताया कि शव पिछली सीट पर मिला। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ अज्ञात लोगों ने महिला की हत्या करने के बाद शव को कार में ही छोड़ दिया। सिंह ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अधीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले में सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने बृहस्पतिवार को बांसडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के एक संचालक से 20 हजार रुपये की कथित रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सतर्कता अधिष्ठान के निरीक्षक धर्मेंद्र तिवारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अधिष्ठान की वाराणसी इकाई की टीम ने बांसडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर वेंकटेश मौआर को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक अजय तिवारी से 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बांसडीह में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के तौर पर पंजीकृत एक दुकान का संचालन बांसडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के अंदर ही एक भवन में किया जाता है और इसके संचालक अजय तिवारी का आरोप है कि चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर वेंकटेश मौआर परिसर के अंदर औषधि केंद्र चलाने के लिए उससे 20 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। अजय तिवारी ने दावा किया कि रिश्वत नहीं देने पर पिछली छह जून को चिकित्सा अधीक्षक ने उसके जन औषधि केंद्र का औचक निरीक्षण कर विभिन्न तरह की अनियमितता बताते हुए अपने कार्यालय से नोटिस जारी कर दिया।

### देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नहीं : अर्जुन मुंडा

**जमशेदपुर/मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने केंद्र की राजग सरकार की पिछले 11 वर्षों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है। झारखंड के मेदिनीनगर में मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने रक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में भारत की प्रगति का सबूत देखा और 'यहां तक कि दुश्मन को भी इसे स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा'। मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का विशेष ध्यान बिजली, सड़क और पानी जैसे बुनियादी मुद्दों पर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत और एम्स परिसरों की स्थापना जैसी पहल महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मुंडा ने दावा किया कि विभिन्न रेलवे, खनन, सिंचाई, कृषि और पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से राष्ट्र को सशक्त बनाने की महत्वाकांक्षा पिछली सरकारों में कभी नहीं देखी गई।

## सिद्धू मूसेवाला ने गलतियां की, परिणाम भुगता: गोल्डी बराड़



**चंडीगढ़ :** कनाडा में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश रचने की बात खुलेआम स्वीकार की है और दावा किया है कि पंजाबी गायक ने कुछ गलतियां कीं जिन्हें माफ नहीं किया जा सकता था और उसे इसका परिणाम भुगतना पड़ा। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी सहयोगी बराड़ ने बीबीसी वर्ल्ड सर्विस की एक डॉक्यूमेंट्री में यह बात कबूल की। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने बुधवार को मूसेवाला की जयंती पर दो भागों वाली डॉक्यूमेंट्री 'द किलिंग कॉल' को बुधवार को यूट्यूब पर जारी किया। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर गायक शुभदीप सिंह सिद्धू की 29 मई 2022 को पंजाब के मानसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के समय मूसेवाला अपने दोस्त और चचेरे भाई के साथ जीप में सवार होकर मानसा स्थित 'जवाहर के गांव' जा रहे थे। छह हमलावरों ने मूसेवाला की एसयूवी को रोककर उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। बराड़ ने उस समय ही हत्या की जिम्मेदारी ली थी। डॉक्यूमेंट्री में बराड़ ने बीबीसी को बताया कि मूसेवाला का बिश्नोई के साथ रिश्ता कई साल पुराना था, और गायक गैंगस्टर को गुड मॉर्निंग और गुड नाइट संदेश भेजता था। बराड़ ने कहा कि हालांकि, मूसेवाला ने बिश्नोई के प्रतिद्वंद्वियों द्वारा आयोजित एक कबड्डी टूर्नामेंट का प्रचार किया, जिससे दोनों के रिश्ते खराब हो गए। उसने कहा, अपने अहंकार में, उसने (मूसेवाला) कुछ ऐसी गलतियां कीं जिन्हें माफ नहीं किया जा सकता था। डॉक्यूमेंट्री में बराड़ ने युवा अकाली दल के नेता विक्की मिद्दुखेड़ा की हत्या के बारे में भी बात की। मिद्दुखेड़ा की अगस्त 2021 में मोहाली में हत्या कर दी गई थी। गैंगस्टर ने कहा, 'हर कोई (हत्या में मूसेवाला की भूमिका के बारे में) जानता था।

## गोरखपुर के जेएसआर गार्डन में लगी आग, पांच दुकानें खाक, कोई हताहत नहीं



**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर के मशहूर जेएसआर गार्डन में बृहस्पतिवार दोपहर लगी भीषण आग में पांच दुकानें जलकर खाक हो गईं। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिनव त्यागी ने बताया कि जेएसआर गार्डन परिसर में आज दोपहर करीब ढाई बजे शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गयी जिससे परिसर में घना धुआं फैल गया और अफरा-तफरी मच गयी। उनके मुताबिक, सूचना पर पहुंचे दमकल के छह वाहनों की मदद से एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। त्यागी ने बताया कि घटना में पांच दुकानें जलकर राख हो गयीं। गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि आग एक दुकान में लगे एयर कंडीशनिंग यूनिट से शुरू हुई और तेजी से आस-पास की दुकानों में फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुछ स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन वह फैलती ही चली गयी। क्षेत्रीय सांसद रवि किशन और वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल का दौरा किया। किशन ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आग ने विकराल रूप ले लिया था मगर उसे मुस्तैदी से बुझा दिया गया।

### चिराग की पार्टी ने बिहार की सभी विधानसभा सीट पर 'निर्णायक उपस्थिति' दर्ज कराने का संकल्प किया

**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में सभी 243 सीट पर अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराने का बृहस्पतिवार को संकल्प लिया। इस आशय का एक प्रस्ताव यहां पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बाद पारित किया गया, जिसने हाल के दिनों में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को 'अगला मुख्यमंत्री' घोषित कर राजग सहयोगियों की परेशानी बढ़ा दी है। गूढ़ शब्दों वाले प्रस्ताव के अलावा, छह अन्य प्रस्ताव भी थे, जिनमें से कम से कम तीन में अप्रत्यक्ष रूप से नीतीश कुमार सरकार पर यह आरोप लगाते हुए हमला किया गया कि राज्य में 'बहुजन' के साथ अन्याय किया जा रहा है।

समीक्षा CINE मंत्र

## करिश्मा कपूर के पूर्व पति संजय कपूर का आकस्मिक निधन, 9 साल पहले हुआ था तलाक



करिश्मा कपूर के पूर्व पति संजय कपूर को लेकर दुखद खबर सामने आई है। 53 वर्षीय संजय कपूर का दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जब यह घटना हुई तो वह पोलो गेम खेल रहे थे।

**पोलो गेम खेलते हुए हार्ट अटैक आया**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार संजय कपूर का निधन इंग्लैंड के गार्ड्स पोलो क्लब में हुआ, जहां वे पोलो खेल रहे थे। खेल के दौरान संजय अचानक गिर पड़े। उन्हें तुरंत अस्प-ताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। संजय कपूर एक जाने-माने बिजनेसमैन थे और पोलो खेल को बहुत पसंद करते थे।

## एक हफ्ते में 'हाउसफुल 5' ने बटोरे इतने करोड़




'हाउसफुल' फ्रैंचाइजी की पिछली फिल्मों ने दर्शकों को खूब हंसाया है। मगर 'हाउसफुल 5' इस मामले में पीछे रह गई है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म को लेकर दर्शक निराशा जाहिर कर रहे हैं। 24 करोड़ से अपना खाता खोलने वाली इस फिल्म का कलेक्शन 7वें दिन में आकर काफी कम हो गया है। जानिए, 7वें दिन में इस फिल्म ने कितने पैसे कमाए हैं?

**7वें दिन का कलेक्शन**

अब तक प्राप्त शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म 'हाउसफुल 5' ने 7वें दिन लगभग 5.03 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म का यह कलेक्शन बुधवार यानी छठे दिन के मुकाबले कम हो गया है। बुधवार को फिल्म ने 8.5 करोड़ रुपये बॉक्स ऑफिस पर कमा लिए थे।

**125 करोड़ का कुल कलेक्शन**

फिल्म 'हाउसफुल 5' की कुल कमाई अब तक 125.28 करोड़ रुपये हो चुकी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस फिल्म का बजट 250 करोड़ रुपये बताया गया है। जिस तरह से इसकी कमाई में गिरावट आ रही है। उससे लगता नहीं है कि यह अपना बजट जल्दी वसूल कर पाएगी। दर्शक जिस तरह से इस फिल्म को लेकर निराश है, उससे लगता नहीं है कि आगे 'हाउसफुल 5' में उनका कोई झुकाव बना रहेगा।

**मसाला फिल्म का नहीं चला जादू**

फिल्म 'हाउसफुल 5' में मेकर्स ने लगभग सभी मसाले रखे थे। ग्लैमर, कॉमेडी, बड़े-बड़े सेट, सुंदर लोकेशन और दो एंडिंग्स का कॉन्सेप्ट भी था। इसके बावजूद फिल्म दर्शकों को लुभाने में कामयाब नजर नहीं आ रही है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म को लेकर ट्रोलिंग भी शुरू हो चुकी है।

**मल्टीस्टारर फिल्म है 'हाउसफुल 5'**

फिल्म 'हाउसफुल 5' में अक्षय कुमार के अलावा रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, नरगिस फाखरी, जैकलीन फर्नांडीज, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और जॉनी लीवर जैसे कई नामी कलाकार नजर आए हैं। फिल्म को तरुण मनसुखानी ने निर्देशित किया है, फिल्म के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला हैं।

## हादसे की खबर सुनकर सलमान ने कैंसिल किया इवेंट, बोले- इस वक्त जश्न मनाना ठीक नहीं



अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास भीषण विमान हादसे की खबर से हर कोई स्तब्ध है। फिल्म जगत से सितारे भी हादसे पर दुख जता रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने विमान क्रैश की खबर के बाद मुंबई में अपना इवेंट कैंसिल कर दिया। आज गुरुवार को सलमान खान को मुंबई के एक होटल में मीडिया इवेंट में शामिल होना था। मगर, जैसे हीअहमदाबाद प्लेन क्रैश की खबर आई, सलमान की टीम ने इवेंट को रद्द करने का फैसला लिया।

**सलमान बोले- 'ऐसे वक्त में जश्न मनाना ठीक नहीं'**

सूत्रों की मानें तो सलमान ने कहा कि 'ऐसे वक्त में जश्न मनाना ठीक नहीं, क्योंकि यह हादसा काफी गंभीर है और देशभर के लोग इससे दुखी हैं'। बता दें कि आज गुरुवार दोपहर सलमान खान को मुंबई के एक होटल में खडठछ (Indian Supercross Racing League) के मीडिया इवेंट में शामिल होना था। मगर, जैसे ही अहमदाबाद में एयरपोर्ट के निकट हुए भीषण विमान हादसे की खबर आई, सलमान खान की टीम ने यह इवेंट रद्द करने का फैसला लिया।

**सलमान का इवेंट क्यों था खास?**

सलमान खान ISRL के ब्रांड एम्बेसडर हैं। आज मुंबई के ताज लैंड्स एंड में प्रेस कॉन्फ्रेंस होनी थी, जिसमें लीग के सीजन 2 की जानकारी और सलमान की मौजूदगी में मीडिया इंटरैक्शन होना था। लेकिन, विमान हादसे की घटना के बाद सलमान ने यह इवेंट रद्द कर दिया। करीबी सूत्रों के अनुसार, जैसे ही उन्हें हादसे की जानकारी मिली, उन्होंने कहा कि 'आज कुछ प्रमोट करना या मुस्कराना शोभा नहीं देता'।

**क्या हुआ अहमदाबाद में?**

आज गुरुवार को एयर इंडिया की एक फ्लाइट (AI-171) अहमदाबाद से टेक ऑफ करते ही क्रैश हो गई। यह फ्लाइट लंदन जा रही थी। हादसा मेघाणी नगर इलाके में हुआ, जहां फ्लाइट 600 फीट की ऊंचाई पर थी और फिर अचानक गायब हो गई। इसमें 240 से ज्यादा यात्री सवार थे। फ्लाइट के क्रैश होते ही इलाके में भीषण आग लग गई और आसमान में काला धुआं फैल गया। राहत और बचाव कार्य चल रहा हैं। हादसे की भयावहता को देखकर देशभर में शोक है। हर कोई स्तब्ध है और प्रभावितों के लिए दुआ की जा रही है।

## हादसे में विक्रांत मैसी के करीबी का निधन





अहमदाबाद प्लेन क्रैश में अभिनेता विक्रांत मैसी के फैमिली फ्रेंड रहे क्लाइव कुंदर की भी मौत हो गई है। क्लाइव कुंदर दुर्घटनाग्रस्त हुई फ्लाइट में फर्स्ट ऑफिसर थे। इस बात की जानकारी खुद विक्रांत मैसी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी के जरिए दी। विक्रांत ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति भी दुख जताते हुए उन्हें सांत्वना दी है।

**विक्रांत ने जताया दुख**

विक्रांत मैसी ने घटना पर दुख जताते हुए और अपने करीबी की मौत की जानकारी देते हुए इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इस इमोशनल पोस्ट में विक्रांत ने लिखा, 'आज अहमदाबाद में हुए कभी ना सोच सकने वाले दुखद हादसे में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों और करीबियों के लिए मेरा दिल टूट गया है। ये जानकर और भी दुख हुआ कि मेरे अंकल क्लिफोर्ड कुंदर ने अपने बेटे क्लाइव कुंदर को खो दिया, जो बदकिस्मती से फ्लाइट पर काम करने वाले फर्स्ट ऑफिसर थे। भगवान आपको और आपके परिवार को और सभी प्रभावित लोगों को इस दुख को सहने की शक्ति दे।'

विक्रांत की इंस्टाग्राम स्टोरी के बाद मीडिया में क्लाइव कुंदर को विक्रांत का चचेरा भाई बताया जाने लगा। क्योंकि विक्रांत ने अपनी स्टोरी में अंकल के बेटे का जिक्र किया था। जिसके बाद हर किसी को लगा कि क्लाइव कुंदर विक्रांत के चचेरे भाई हैं। हालांकि, विक्रांत ने जल्द ही इस कन्फ्यूजन को दूर कर दिया। उन्होंने एक और स्टोरी साझा करते हुए ये स्पष्ट किया कि क्लाइव कुंदर उनके चचेरे भाई नहीं बल्कि फैमिली फ्रेंड थे। उन्होंने लिखा कि मीडिया और बाकी लोगों से अनुरोध है कि क्लाइव कुंदर मेरे चचेरे भाई नहीं थे। कुंदर परिवार हमारा फैमिली फ्रैंड है। लोगों से अनुरोध है कि इस भ्रम को अधिक न फैलाएं।

**को-पायलट थे क्लाइव कुंदर**

एयर इंडिया की बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन (एआई171) की कमान कैप्टन सुमित संभाल रहे थे। विक्रांत मैसी के भाई क्लाइव कुंदर जो कि को-पाइलट थे, वे सुमित को असिस्ट कर रहे थे। क्लाइव कुंदर को 1100 घंटे की उड़ान का एक्सपीरियंस था।

**शाहरुख-सलमान समेत तमाम सेलेब्स ने जताया दुख**

इस हादसे पर बॉलीवुड के तमाम सेलिब्रिटीज ने भी अपनी प्रतिक्रियाएं देते हुए दुख जताया है। इस लिस्ट में शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान, विक्की कौशल, अक्षय कुमार, करीना कपूर और सोनू सूद समेत तमाम सेलेब्स के नाम शामिल हैं।

**242 यात्री थे प्लेन में सवार**

242 यात्रियों और चालक दल को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान आज दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एयर इंडिया के मुताबिक, अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहे बोइंग 787-8 विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें से 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक हैं।

## शकीरा के साथ अगला प्रोजेक्ट करने वाले हैं दिलजीत दोसांझ?

दुनिया भर में अपने गाने 'हिप्स डोंट लाइ' के लिए मशहूर हॉलीवुड सिंगर शकीरा के गानों को भारत में भी पसंद किया जाता है। जल्द ही वह दिलजीत दोसांझ के साथ किसी नए प्रोजेक्ट पर काम कर सकती हैं? या ये दोनों साथ में परफॉर्म कर सकते हैं। हाल ही में दिलजीत दोसांझ का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह इस बात को लेकर इशारा करते नजर आए।

**शकीरा ने दिया दिलजीत को सजेशन**

बुधवार को दिलजीत दोसांझ टोरंटो में बिलबोर्ड समिट में शामिल हुए। इस मंच से उन्होंने शकीरा के साथ काम करने की बात को साझा किया। सोशल मीडिया पर दिलजीत का यह वीडियो भी वायरल है। वायरल वीडियो में होस्ट के सवाल का जवाब देते हुए दिलजीत कहते हैं, 'हिप्स डोंट लाइ, सर। हां शकीरा ने मुझे अपने अगले टूर के लिए इंवाइट किया है। साथ ही सजेशन दिया है कि हम 'हिप्स डोंट लाइ' का इंडियन वर्जन बनाएं। यह एक मुश्किल काम है लेकिन मैं इसके लिए पूरी तरह से तैयार हूं।'

**मेट गाला में शकीरा संग दिखे**

पिछले दिनों मेट गाला इवेंट में दिलजीत दोसांझ अपने लुक के लिए चर्चा में रहे। इस इवेंट में शकीरा भी शामिल हुईं। दोनों को एक कार में साथ में बैठे देखा गया। यह वीडियो भी उस वक्त सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ।

**दिलजीत दोसांझ का करियर फ्रंट**

दिलजीत दोसांझ के करियर फ्रंट की बात करें तो वह फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। इस फिल्म में सनी देओल, अहान शेट्टी, वरुण धवन जैसे कलाकार भी अभिनय कर रहे हैं। वह फिल्म में निर्मल जीत सिंह सेखों का किरदार निभा रहे हैं, जो इंडियन एयरफोर्स के अधिकारी थे और 1971 के युद्ध में अपने शौर्य के लिए याद किए जाते हैं।

# सेकेंड भर में विमान बन गया आग का गोला





**अहमदाबाद :** अहमदाबाद विमान हादसे का एक नया सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। एयर इंडिया का बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर के क्रैश होने का यह वीडियो 59 सेकेंड का है। इस वीडियो में साफ दिख रहा है कि कैसे अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान 787–8 ड्रीमलाइनर आग का गोला बन गया। इस वीडियो से पहले एक और वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें टेकऑफ के बाद फ्लाइट हवा में नजर आ रही थी और चंद सेकेंड में ही वह क्रैश होकर जमीन पर गिर गई थी। बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर के नए वीडियो को ध्यान से देखा जाए तो हादसे की पूरी थ्योरी सामने आ जाएगी। 12 जून की दोपहर एक बजकर 38 मिनट पर एयर इंडिया की फ्लाइट रनवे नंबर 23 पर टेकऑफ के लिए तैयार थी।

**20 सेकेंड तक रनवे पर दौड़ता रहा विमान**

एटीसी से उड़ान की परमिशन मिलते ही ड्रीमलाइनर रनवे पर दौड़ने लगा। 1 बजकर 38 मिनट 20 सेकेंड से 1 बजकर 38 मिनट 40 सेकेंड तक यह फ्लाइट रनवे पर अपनी रफ्तार में दौड़ती दिख रही है।

59 सेकेंड के वीडियो में 20 सेकेंड तक विमान रनवे पर है, 25वें सेकेंड पर विमान टेकऑफ कर रहा है। विमान अपनी पूरी क्षमता के साथ आसमान में ऊपर जाने की कोशिश कर रहा है, अभी आसमान में यह सीधा भी नहीं हो पाया था कि 10 सेकेंड के बाद ही यह अचानक नीचे आने लगा।

विमान अभी 625 फीट की ऊंचाई ही हासिल कर पाया था कि तेजी से नीचे की तरफ आने लगा। सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि पिछला हिस्सा ही जमीन को पहले टच कर रहा है। एक्सपर्ट का मानना है कि टेकऑफ के 10 सेकेंड के अंदर ही विमान के दोनों इंजन फेल हो गए होंगे।

**40वें सेकेंड में विमान ने संतुलन खो दिया**

59 सेकेंड के इस वीडियो में ड्रीमलाइनर ने अपनी उड़ान के 40वें सेकेंड में संतुलन खो दिया। इसके बाद 10 सेकेंड के अंदर ही वह बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर क्रैश कर गया और एक जोरदार धमाका हुआ। इस वीडियो को देखकर साफ लग रहा है कि लंदन जाने के लिए सीट की पेटी बांधे लोग टेकऑफ के महज 30 सेकेंड में ही हादसे का शिकार हो गए।

एयर इंडिया द्वारा संचालित लंदन जाने वाला बोइंग ड्रीमलाइनर विमान, जिसमें 242 लोग सवार थे, गुरुवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। इसके साथ ही प्लेन क्रैश होकर मेडिकल कॉलेज पर गिरा था। कई मेडिकल के छात्रों की भी इस हादसे में जान गई है।

**पिछले तीन दशकों में सबसे घातक विमान दुर्घटना**

यह देश में पिछले तीन दशकों में हुई सबसे घातक हवाई दुर्घटनाओं में से एक है। रिपोर्टों के अनुसार, इस घटना में केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। दुर्घटनास्थल से सोशल मीडिया पर साझा किए गए दृश्यों में क्षेत्र से धुएं का घना गुबार निकलता हुआ दिखाई दे रहा है।

विमान ने अहमदाबाद से दोपहर 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी थी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा साझा किए गए विवरण के अनुसार, यह उड़ान भरने के पांच मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने दुर्घटना का जांच कराने का आदेश दिया है।

## एअर इंडिया में हमारे लिए मुश्किल दिन, टीम जरूरतमंदों की मदद के लिए काम कर रही: सीईओ विल्सन

**मुंबई :** एअर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन ने विमानन कंपनी के बोइंग 787–8 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर बृहस्पतिवार को गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह एअर इंडिया में सभी के लिए एक मुश्किल दिन है। लंदन के गैटविक जा रहा एअर इंडिया का विमान बृहस्पतिवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। हादसे में कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। विल्सन ने एक वीडियो बयान में कहा कि विमानन कंपनी सभी आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयासों पर प्राधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने कहा, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से मैं इस दुर्घटना पर गहरा दुख जाहिर करना चाहता हूं। यह भारत में हम सभी के लिए एक कठिन दिन है। और अब हमारा पूरा ध्यान हमारे यात्रियों, चालक दल के सदस्यों, उनके परिजनों और प्रियजनों की जरूरतों पर केंद्रित है। विल्सन ने कहा कि इस समय लोगों के मन में कई सवाल होंगे, लेकिन वह सभी के जवाब नहीं दे पाएंगे।

## सुबह बेटी से बात की, अब उसके और परिवार के दो अन्य सदस्यों के बारे में कुछ पता नहीं : परिजन

**नागपुर :** गुजरात के अहमदाबाद में हुई दुर्घटना के बाद बृहस्पतिवार को नागपुर निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी, बेटी का डेढ़ साल का बेटा और बेटी की सास लंदन जाने वाली उस उड़ान में सवार थे, जो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। 'पीटीआई–भाषा' से बात करते हुए मनीष कामदार ने कहा कि उन्होंने सुबह अहमदाबाद में रहने वाली अपनी बेटी यशा मोधा से बात की थी, लेकिन विमान दुर्घटना के बाद अब उन्हें उसकी और उसके परिवार के सदस्यों की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। कामदार ने बताया कि उनकी बेटी यशा के अलावा, यशा का डेढ़ साल का बेटा रुद्र और उसकी सास उस विमान में सवार थे। उन्होंने कहा, ''मैंने आज सुबह करीब नौ बजे अपनी बेटी से बात की। लेकिन अब मुझे और मेरे परिवार को यात्रियों की स्थिति के बारे में कुछ भी पता नहीं है।'' कामदार ने कहा कि अब तक एअर इंडिया और सरकार में से किसी ने भी उनसे संपर्क नहीं किया। उन्होंने ने कहा, ''मैं सड़क मार्ग से अहमदाबाद जा रहा हूं। मेरे दामाद अहमदाबाद सिविल अस्पताल के बाहर इंतजार कर रहे हैं और उन्हें अस्पताल की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं है। वहां मौजूद लोगों से कहा जा रहा है कि उन्हें (गुजरात के) मुख्यमंत्री के अस्पताल का दौरा करने के बाद ही अंदर जाने दिया जाएगा।'' कामदार के अनुसार, उनकी बेटी के ससुर ब्रिटेन में रहते थे, जिनका एक महीने पहले अहमदाबाद में निधन हो गया था और परिवार 22 जून को वहां होने वाली उनकी शोक सभा में शामिल होने जा रहा था।

## राजस्थान के 10 लोग भी सवार थे हादसे का शिकार हुए विमान में: अधिकारी

**जयपुर :** गुजरात के अहमदाबाद में बृहस्पतिवार को हादसे का शिकार हुए विमान में राजस्थान के कम से कम 10 लोग भी सवार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें उदयपुर के चार और बांसवाड़ा के पांच लोग शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, इस विमान में सवार राजस्थान के यात्रियों में उदयपुर के संगमरमर कारोबारी संजीव मोदी के बेटे शुभ और बेटी शगुन भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि एमबीए स्नातक दोनों भाई–बहन अपने पिता के व्यवसाय से जुड़े थे और लंदन घूमने जा रहे थे। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने परिवार से मिलने और जानकारी जुटाने के लिए सहेली नगर स्थित उनके आवास का दौरा किया। मेहता ने संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पीड़ितों के परिवार से बात की है और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। दुर्घटना का शिकार हुए विमान में उदयपुर जिले के वल्लभनगर क्षेत्र के रूंडेड़ा निवासी वरदीचंद मेनारिया भी सवार थे। वह हाल में लंदन से लौटे थे और अपने सहयोगी प्रकाश मेनारिया के साथ वापस जा रहे थे। दोनों ब्रिटेन में पाककला क्षेत्र में काम करते थे। अधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार यात्रियों में बाड़मेर जिले के अराबा (बालोतरा) की युवती खुशबू राजपुरोहित भी शामिल हैं।

## सुनहरे सपने, नया सफर और आखिरी उड़ान, चंद मिनटों में डॉक्टर दंपती और परिवार खत्म


डॉक्टर दंपति और उनके बच्चों की आखिरी सेल्फी

गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में राजस्थान के बांसवाड़ा जिले का डॉक्टर परिवार खत्म हो गया। हादसे में डॉक्टर दंपति समेत उनके तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। डॉक्टर के परिवार में अब सिर्फ उनके माता–पिता ही बचे हैं। वे अपने बच्चों को छोड़ने के लिए अहमदाबाद गए थे। हादसे की जानकारी लगने के बाद उनका बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, बांसवाड़ा की रातीतलाई कॉलोनी में रहने वाले डॉ. जेपी जोशी के बेटे प्रतीक जोशी, बहू डॉ. कौमी और दंपति के तीन बच्चे मिराया, नकुल और प्रद्युत लंदन जाने के लिए एयर इंडिया के विमान एआई171 में सवार हुए थे। टेक ऑफ के चंद मिनट बाद यह विमान अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि डॉ. प्रतीक उदयपुर के पेसिफिक मेडिकल कॉलेज में पदस्थ थे। कुछ दिन पहले उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। वे लंदन में किसी चिकित्सकीय संस्थान से जुड़ने वाले थे। इसी कारण वे अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ भारत से लंदन जा रहे थे। लेकिन, विमान हादसे ने उनके सपने ही नहीं पूरा परिवार ही खत्म कर दिया।

## सीमित उड़ानों के साथ अहमदाबाद हवाई अड्डे से परिचालन फिर शुरू

**अहमदाबाद :** एअर इंडिया के ब्रिटेन जाने वाले एक यात्री विमान के बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण अहमदाबाद हवाई अड्डे से कुछ समय के लिए बाधित उड़ान परिचालन सीमित उड़ानों के साथ फिर शुरू कर दिया गया। निजी हवाई अड्डा संचालक ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन अब सीमित उड़ानों के साथ शुरू हो गया है।

## भारत में विमान दुर्घटनाओं का घटनाक्रम

**नयी दिल्ली :** अहमदाबाद हवाई अड्डे से बृहस्पतिवार को लंदन के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर के बाद एक बार फिर नजरें भारत में विमान संबंधी दुर्घटनाओं के इतिहास पर टिक गई हैं। आसमान में घातक टकरावों और खराब मौसमी स्थिति के कारण होने वाली भीषण दुर्घटनाओं से लेकर 'टेबलटॉप' हवाई अड्डों पर 'रनवे ओवरशूट' तक, देश ने कई दशकों के दौरान विभिन्न विमान त्रासदियों को देखा है। भारतीय उड्डयन इतिहास की सबसे भीषण विमान दुर्घटनाएं ये हैं–

**1– एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान 1344 (2020):** कोविड–19 महामारी के दौरान एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या 1344 कोझिकोड (कालीकट) वाला विमान अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सात अगस्त, 2020 को रनवे पर उतरते समय फिसलकर आगे बढ़ गया। इस विमान सेवा को वंदे भारत प्रत्यावर्तन मिशन के हिस्से के रूप में संचालित किया जा रहा था। भारी बारिश के बीच विमान गीले 'टेबलटॉप' रनवे से आगे निकल गया और एक घाटी में गिरकर दो हिस्सों में विभाजित हो गया। इसमें सवार 190 लोगों में से 21 लोगों की मौत हो गई जिनमें दो पायलट भी शामिल थे।

**2– एअर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान 812 (2010):** एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 कर्नाटक के मंगलुरु अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय 22 मई, 2010 को रनवे से आगे निकल गई। दुबई से आ रहा बोइंग 737–800 'टेबलटॉप' रनवे से आगे बढ़कर खाई में गिर गया और उसमें आग लग गई। इस दुर्घटना में 158 लोगों की मौत हो गई।

**3– एलायंस एअर उड़ान 7412 (2000):** एलायंस एअर उड़ान 7412 उतरने के दौरान 17 जुलाई, 2000 को बिहार के पटना में घनी आबादी वाले रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उतरने के दौरान कथित तौर पर अनुचित दिशा निर्देशों के कारण बोइंग 737–200 को कम ऊंचाई पर बाधा का अनुभव हुआ। इस दुर्घटना में साठ लोग मारे गए, जिनमें जमीन पर मौजूद पांच लोग शामिल थे। इस दुर्घटना ने छोटे शहरी हवाई अड्डों पर प्रक्रियाओं को उन्नत करने के लिए बाध्य किया।

**4–चरखी दादरी के ऊपर आकाश में टक्कर (1996):** 12 नवंबर, 1996 को भारत की सबसे विनाशकारी विमानन दुर्घटना में 349 लोग मारे गए थे। यह त्रासदी तब हुई जब सऊदी उड़ान 763 (एक बोइंग 747 विमान) और कजाकिस्तान एअरलाइंस की उड़ान 1907 (एक इल्यूशिन आईएल–76 विमान) के बीच हरियाणा में चरखी दादरी के पास आसमान में आमने सामने टकरा गईं। दुर्घटना संचार विफलता और कजाक चालक दल के निर्धारित ऊंचाई से नीचे उतरने का परिणाम थी। इस घटना के बाद भारत ने सभी वाणिज्यिक विमानों पर 'टकराव रोधी प्रणाली' लगाने को अनिवार्य करने सहित महत्वपूर्ण विमानन सुरक्षा उपाय शुरू किए।

**5– इंडियन एअरलाइंस उड़ान 605 (1990):** 14 फरवरी, 1990 को इंडियन एअरलाइंस उड़ान 605 बेंगलुरु के एचएएल हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार 146 लोगों में से 92 की मौत हो गई। उस समय भारत में अपेक्षाकृत नया विमान एअरबस ए320 बहुत नीचे उतर आया और रनवे से पहले ही जमीन से टकराया और फिसकर गोल्फ कोर्स में चला गया। जांच में पता चला कि पायलट की गलती और ए320 के उन्नत डिजिटल कॉकपिट से अपरिचित होने के कारण यह दुखद दुर्घटना हुई।

**6–इंडियन एअरलाइंस उड़ान 113 (1988):** खराब दृश्यता के कारण 19 अक्टूबर, 1988 को इंडियन एअरलाइंस की उड़ान 113 (बोइंग 737–200) अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मुंबई से रवाना यह विमान पेड़ों से टकरा गया और रनवे से पहले ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार 135 लोगों में से 133 की मौत हो गई। जांचकर्ताओं ने पायलट की गलती, अपर्याप्त मौसम की जानकारी और एअर ट्रैफिक कंट्रोल द्वारा प्रक्रियागत चूक की ओर इशारा किया।

**7–एअर इंडिया उड़ान 855 (1978):** एक जनवरी, 1978 को दुबई जाने वाली एअर इंडिया की उड़ान 855 (एक बोइंग 747) का विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद अरब सागर में गिर गया, जिससे उसमें सवार सभी 213 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना उड़ान के 101 सेकेंड बाद ही घटित हुई, जब एटीट्यूड डायरेक्टर इंडिकेटर में खराबी के कारण कैप्टन ने विमान के दिशा–निर्देशन को गलत तरीके से समझ लिया। यह दुर्घटना समुद्र के ऊपर रात के समय हुई।

**8–इंडियन एयरलाइंस की उड़ान 440 (1973):** इंडियन एयरलाइंस की उड़ान 440 दिल्ली के पालम हवाई अड्डे के पास 31 मई, 1973 को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बोइंग 737–200 विमान खराब मौसम की वजह से रनवे से कुछ ही दूर हाई–टेंशन तारों से टकरा गया। विमान में सवार 65 लोगों में से 48 की मौत हो गई। मृतकों में प्रमुख भारतीय राजनीतिज्ञ मोहन कुमारमंगलम भी शामिल थे। इस दुर्घटना ने भारतीय हवाई अड्डों पर बेहतर मौसम संबंधी रडार की आवश्यकता को रेखांकित किया।

## पुतिन सहित विश्व नेताओं ने प्रभावित परिवारों के प्रति जताई संवेदना

**ब्रसेल्स/ मॉस्को/माले :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' सहित कई विश्व नेताओं ने बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर शोक व्यक्त किया और प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। लंदन के गैटविक जा रही एअर इंडिया की उड़ान (एआई171) अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपराह्न करीब 1:40 बजे उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे और हादसे में कई लोगों के हताहत होने की आशंका है। क्रेमलिन (रूसी सरकार का मुख्यालय) ने मॉस्को में जारी बयान में कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी गहरी संवेदना प्रेषित की है। पुतिन ने भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजे संदेश में कहा, ''अहमदाबाद हवाई अड्डे के नजदीक हुए विमान हादसे के दुखद परिणामों पर मेरी गहरी संवेदनाएं स्वीकार करें। कृपया मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी सहानुभूति और समर्थन व्यक्त करें तथा दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करें।'' लेयेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर भारत से आई है। इस भयावह हादसे के पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हम आपकी इस पीड़ा को साझा करते हैं। माननीय नरेन्द्र मोदी यूरोप इस दुख की घड़ी में आपके और भारत के लोगों के साथ एकजुटता प्रकट करता है।'' मुइज्जू ने इस दुखद हादसे पर ''गहरा शोक'' व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इस कठिन समय में, मालदीव की सरकार और जनता भारत के लोगों और सरकार के साथ एकजुटता में खड़े हैं।'' मलेशियाई प्रधानमंत्री इब्राहिम ने कहा कि वह इस दुखद हादसे के बारे में जानकर ''बहुत व्यथित'' हैं। उन्होंने कहा,''मलेशिया की सरकार और जनता की ओर से मैं प्रभावित सभी लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।'

## राज ठाकरे और फडणवीस के बीच मुलाकात पर शिरसाट ने कहा, मनसे को हमारे साथ आना चाहिए



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार में शिव–सेना कोटे के कैबिनेट मंत्री संजय शिरसाट ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन से हाथ मिलाना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी राज ठाकरे के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करने के बाद आई है। फडणवीस ने सुबह एक आलीशान होटल में राज ठाकरे से मुलाकात की जिससे राज्य में निकाय चुनावों से पहले भाजपा और मनसे के बीच गठबंधन की अटकलों को बल मिला है। यह मुलाकात दो चचेरे भाइयों राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बीच सुलह की अटकलों के बीच हुई है। उद्धव विपक्षी दल शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख हैं। शिरसाट ने कहा, ''राजनीति में कई 'यू–टर्न' देखने को मिलते हैं। राजनीति में कब क्या हो जाए, इसके बारे में कोई अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। किसी पार्टी को मजबूत करने या उसका विस्तार करने के लिए ऐसे गठबंधन करने पड़ते हैं। हमने राज साहब को पहले भी प्रस्ताव (गठबंधन का) दिया था। वे नगर निकाय चुनाव बहुत अच्छी तरह लड़ सकते हैं। उन्हें हमारे (महायुति) साथ आना चाहिए और हमारा यही अनुरोध होगा।'' सत्तारूढ़ महायुति में भाजपा, शिवसेना और राकांपा शामिल हैं। भाजपा की कटु आल–ोचक शिवसेना (उबाठा) ने फडणवीस–राज ठाकरे की मुलाकात पर सधी हुई प्रतिक्रिया दी।

## हनीमून हत्या: मेघालय सरकार ने जांच में अहम भूमिका निभाने वाले 36 लोगों को सम्मानित किया

**शिलांग :** मेघालय सरकार ने राजा रघुवंशी के शव का पता लगाने और जांच प्रक्रिया में राज्य पुलिस की मदद करने के लिए एक पर्यटक गाइड और 35 अन्य लोगों को बृहस्पतिवार को सम्मानित किया। राजा रघुवंशी की कथित तौर पर उनकी पत्नी सोनम ने अपने चार सहयोगियों के साथ मिलकर तब हत्या कर दी थी जब दंपति हनीमून मनाने मेघालय आया हुआ था। राज्य के मंत्री पॉल लिंगदोह ने मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान तलाशी अभियान में पुलिस की सक्रिय सहायता करने के लिए ट्रैवल गाइड अल्बर्ट पी. और 35 अन्य लोगों को 5.4 लाख रुपये का नकद पुरस्कार वितरित किया। इनमें कई पर्वतारोही और पर्यटकों को सुविधाए मुहैया कराने वाले भी शामिल हैं। रघुवंशी और उनकी पत्नी 23 मई को मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा इलाके में छुट्टियां मनाते समय लापता हो गए थे। रघुवंशी का शव दो जून को एक खड्ड में मिला था, जबकि उनकी पत्नी घटना के बाद से लापता थी। अल्बर्ट ने बताया था कि उन्होंने दंपत्ति को तीन लोगों के साथ 23 मई को पूर्वाह्न 10 बजे के आसपास नोंग्रियात से मावलाखियात तक 3,000 से अधिक सीढ़ियां चढ़ते हुए देखा था।

## दिल्ली दंगा: अदालत ने 12 लोगों को हत्या के आरोप से बरी किया

**नयी दिल्ली :** उत्तर–पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के एक मामले में यहां की एक अदालत ने परिस्थितिजन्य साक्ष्य के नाम पर अनिर्णायक कड़ियों को ध्यान में रखते हुए 12 लोगों को हत्या के आरोप से बरी कर दिया है। हालांकि, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने आरोपियों में शामिल लोकेश सोलंकी को भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 505 (सार्वजनिक अव्यवस्था के लिए बयान देना) के तहत दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी व्यक्ति दंगाई भीड़ का हिस्सा थे, जिसने 25 फरवरी 2020 को आस मोहम्मद नामक व्यक्ति की हत्या कर दी थी और उसके शव को इलाके के भागीरथी विहार नाले में फेंक दिया था। पांच जून को दिए गए 62 पन्नों के आदेश में, न्यायाधीश ने कहा कि सोलंकी ''कट्टर हिंदू एकता'' नामक एक व्हाट्सएप चैट ग्रुप का सदस्य था।

## मणिपुर: इंफाल हवाई अड्डे के 10 किलोमीटर के दायरे में 'लेजर लाइट' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध

**इंफाल :** मणिपुर सरकार ने पायलटों का ध्यान भटकने से रोकने और उड़ान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बृहस्पतिवार को इंफाल हवाई अड्डे के 10 किलोमीटर के दायरे में 'लेजर लाइट' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक, प्रतिबंधित 'लेजर लाइट' में लेजर पॉइंटर और लेजर शो दोनों शामिल हैं। इंफाल पश्चिम जिले के उपायुक्त ने एक बयान में बताया, जैसा कि इंफाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की हवाई क्षेत्र पर्यावरण प्रबंधन समिति की पिछली बैठक में चर्चा की गई थी, आम जनता को यह निर्देश दिया जाता है कि इंफाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के 10 किलोमीटर के दायरे में 'लेजर लाइट' का उपयोग प्रतिबंधित है। अधिकारियों ने बताया, यह प्रतिबंध पायलटों का ध्यान भटकने से रोकने और उड़ान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन उपरोक्त नियम का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, विमान नियम 1937 और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण अधिनियम, 1994 के तहत जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मोदी सरकार महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्धः गडकरी



**नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मोदी सरकार लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में 'बहुत महत्वपूर्ण' बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले के 60 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में जो नहीं हो सका, उसे वर्तमान सरकार ने हासिल किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष के अंत तक देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत घटकर नौ प्रतिशत पर आ जाएगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा कारोबार और उद्योगों के विकास में मदद मिलेगी। महिला आरक्षण के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा, ''महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना हमारी प्रतिबद्धता है और हमने इस संबंध में निर्णय भी लिया है।'' सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक – नारी शक्ति वंदन अधिनियम – को अपनी मंजूरी दी थी, जिसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना है। ऐसी खबरें हैं कि मोदी सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सकती है। उन्होंने देश में सड़क अवसंरचना विकास पर आईआईएम बैंगलोर, आईआईटी कानपुर और आईआईटी चेन्नई द्वारा किए गए एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत जो पहले 16 प्रतिशत थी, वह घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने इसे एक बेहतर उपलब्धि बताया और कहा कि इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि में मदद मिलेगी।

## बांके बिहारी कॉरिडोर : प्रभावित सेवायतों को रुक्मिणी विहार में बसाएगी सरकार

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा जिले में वृन्दावन स्थित बांके बिहारी मंदिर के आसपास साढ़े पांच एकड़ क्षेत्र में कॉरिडोर बनाने की योजना के क्रियान्वयन से प्रभावित होने वाले सेवायतों, गोस्वामियों और स्थानीय निवासियों को रुक्मिणी विहार और सुनरख बांगर में बसाने का निर्णय लिया गया है। एक आधिकाारिक बयान में यह जानकारी दी गई। जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले परिवारों के पुनर्वास हेतु मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा रुक्मिणी विहार और सुनरख बांगर में 275 परिवारों के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है जहां उनकी मांग के अनुसार फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इनमें वे 200 दुकानदार भी शामिल हैं जिनकी दुकानें कॉरिडोर के दायरे में आ रही हैं। सिंह ने बताया कि सभी प्रभावित दुकानदारों को कॉरिडोर में बनने वाली दुकानें आवंटित की जाएंगी और इसी प्रकार गोस्वामियों को सुनरख बांगर अथवा रुक्मिणी विहार में से किसी एक जगह बसने का विकल्प दिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी प्रभावित लोगों को जमीन और भवन के अनुसार मुआवजा भी दिया जाएगा। प्रस्तावित आवासीय योजना की जानकारी देते हुए मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि रुक्मिणी विहार आवासीय योजना हेतु चार बड़े भूखंड चयनित किए गए हैं जहां एक और दो कक्ष वाले 325–350 फ्लैट तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर आसपास के क्षेत्र में जमीन चिह्नित कर फ्लैट की संख्या और भी बढ़ाई जा सकती है।

## आईएसएस के लिए 'एक्सिओम–4' मिशन के प्रक्षेपण की नयी तिथि अभी घोषित नहीं की गई

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और 'एक्सिओम स्पेस' ने स्पेसएक्स के फाल्कन–9 रॉकेट में रिसाव का पता चलने के कारण प्रक्षेपण में देरी होने के बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में 'एक्सिओम–4' मिशन के प्रक्षेपण की नयी तारीख की घोषणा अभी तक नहीं की है। इस मिशन में भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य लोग शामिल हैं। 'एक्सिओम स्पेस' और 'नासा' की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया, ''चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन के लिए प्रक्षेपण की नयी तिथि के संबंध में जानकारी उपलब्ध होने पर इसे साझा किया जाएगा।''

## ऑस्ट्रेलिया के दो विकेट पर 32 रन, कुल बढ़त 106 रन हुई



**लंदन :** कप्तान कैट कमिंस के छह विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 138 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां दूसरी पारी में चाय तक दो विकेट 32 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 106 रन तक पहुंचाई। कमिंस (28 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 57.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर सिमट गई जिससे पहली पारी में 212 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली। मिचेल स्टार्क ने भी 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। डेविड बेडिंघम 111 गेंद में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 36 रन की पारी खेली। कमिंस की तूफानी गेंदबाजी के सामने हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने अपने पांच विकेट सिर्फ 12 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में भी शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (06) और कैमरन ग्रीन (00) के विकेट गंवा दिए हैं। चाय के विश्राम के समय सलामी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन 16 जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर खेल रहे थे। ख्वाजा को कागिसो रबाडा (15 रन पर दो विकेट) ने विकेटकीपर काइल वेरेने के हाथों कैच कराया जबकि ग्रीन ने इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर वियान मुल्डर को कैच थमाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने आसमान के छाए बादलों के बीच सुबह के सत्र में 78 रन जोड़े और बावुमा (36) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाकर वापसी की कोशिश की। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 43 रन से की। बावुमा ने स्टार्क पर दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि बेडिंघम ने भी इस तेज गेंदबाज की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। बावुमा ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौका मारने के बाद कमिंस की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन फिर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान की गेंद पर कवर्स में लाबुशेन को कैच दे बैठे।

## विंबलडन ने रिकॉर्ड 6.23 अरब रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की

**लंदन:** विंबलडन के मेजबान 'ऑल इंग्लैंड क्लब' के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड (लगभग 6.23 अरब रुपये) कर दी गयी है जिसमें से एकल वर्ग के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड (लगभग 34.93 करोड़ रुपये) की राशि मिलेगी। यह रकम पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत और 3.5 मिलियन पाउंड अधिक है। यह 10 साल पहले इस 'ग्रास-कोर्ट' ग्रैंड स्लैम में प्रतियोगियों मिलने वाली राशि से दोगुना है। 'ऑल इंग्लैंड क्लब के अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा, 'हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 10 वर्षों में हमने पुरस्कार राशि में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की है। हमने इस वर्ष पिछले ायोजन की तुलना में लगभग सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।'' इस साल के पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को पिछले साल के पुरस्कारों की तुलना में 11.1% अधिक राशि मिलेगी। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 66,000 पाउंड (लगभग 76 लाख रुपये) मिलेंगे, जो पिछले साल की तुलना में 10% अधिक है।

## आईएसएसएफ विश्व कप: सिफत कौर सामरा को महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक



**म्यूनिख :** शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए। नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में अंकुश जाधव फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। वह छह सीरीज के क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहे। उमामहेश मादिनेनी ने 632.3 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया लेकिन वह फाइनल में जगह बनाने के पात्र नहीं थे क्योंकि वह केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए चुनौती पेश कर रहे थे। आर्जुन बबूता 629.1 अंक के साथ 43वें जबकि संदीप सिंह 628.3 अंक के साथ 53वें स्थान पर रहे। इससे पहले एमिली 590 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। पंजाब के फरीदकोट की रहने वाली सिफत ने क्वालीफिकेशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया। इस साल की शुरुआत में ब्यूनस आयर्स में हुए विश्व कप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था जिससे 2024 पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस सत्र की शानदार शुरुआत हुई। फ्रांस की अगाथे सेसिल कैमिली गिराई ने भी क्वालीफिकेशन में 592 अंक हासिल किए लेकिन 10 अंक के अंदरूनी हिस्से (एक्स) में अधिक निशाने के कारण शीर्ष पर रहीं। स्विट्जरलैंड की ऑड्रे गोगनियाट क्वालीफिकेश में तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य भारतीयों में आशी चौकसे क्वालीफिकेशन में 589 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहीं जबकि अंजुम मौदगिल ने 586 अंक के साथ 27वां स्थान हासिल किया। श्रीयंका सदांगी 582 अंक के साथ 53वें स्थान पर रहीं और निश्चल 60वें स्थान पर रहीं।

## भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा, लेकिन हम जानते हैं कि हमें कहां पहुंचना है: मैकुलम



**लंदन :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं।' भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के साथ करेगा। मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, 'वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं।' इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफ़ेद गेंद की श्रृंखला में वेस्टइंडीज़ का सफ़ाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तर-ोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है।'

## भारत प्रो लीग हॉकी में गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा



**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड) :** भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में 1-2 से पिछड़ने के बाद भारत को अंतिम हूटर से दो मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला और जुगराज ने गेंद को अर्जेंटीना के गोल पोस्ट के अंदर डाल दिया। अर्जेंटीना ने इस आधार पर वीडियो रेफरल मांगा कि स्ट्रोक लेते समय जुगराज का बायां पैर गेंद से काफी आगे था। वीडियो अंपायर ने अर्जेंटीना के पक्ष में फैसला सुनाया लेकिन भारत की अगुवाई कर रहे कप्तान हार्दिक सिंह ने रेफरी से यह जांचने के लिए कहा कि क्या जुगराज के स्ट्रोक लेने से पहले अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो गोल-लाइन से आगे थे। इस बार भारत को वीडियो अंपायर से अनुकूल फैसला मिला। जुगराज को स्ट्रोक फिर से लेने की अनुमति दी गई, लेकिन इस बार सैंटियागो ने उनके शॉट को बचा लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह उंगली की चोट के कारण बाहर है ऐसे में हार्दिक ने भारत की अगुआई की। अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले। भारत को इससे पहले बुधवार को इसी प्रतिद्वंद्वी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था।

## रग्बी में अगले तीन-चार वर्षों में करियर के लिए बेहतर विकल्प बनने की क्षमता: राहुल बोस



**नयी दिल्ली :** भारत में पेशेवर रग्बी अभी तक आर्थिक तौर पर व्यवहार्य करियर विकल्प नहीं बन पाया है लेकिन इसके राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस का मानना है कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) अगले तीन से चार वर्षों में इस मामले में बड़ा बदलाव ला सकती है। 'इंग्लिश ऑगस्ट', 'मिस्टर एंड मिसेज अय्यर' और 'चमेली' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले 57 साल के बोस ने भारत के लिए रग्बी के 17 मैच खेले हैं। वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत में इस खेल का चेहरा रहे हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के समर्थन से भारत में पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। दो सप्ताह तक चलने वाली इस लीग में भारतीय खिलाड़ियों को खुद को बेहतर बनाने के मौके के साथ 50,000 रुपये से 5.5 लाख रुपये तक के अनुबंध भी मिल रहे हैं। बोस ने पीटीआई को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा, 'लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में शीर्ष खिलाड़ी को साढ़े पांच लाख में खरीदा गया। क्या यह किसी के लिए वित्तीय रूप से व्यवहार्य खेल हो सकता है? निश्चित रूप से आने वाले तीन से चार साल में ऐसा संभव है।' 'रग्बी इंडिया' भी राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों को 60,000 से एक लाख रुपये का भुगतान करता है। कुछ समय पहले तक इस इस खेल का शासी निकाय खिलाड़ियों को कोई भुगतान करने की स्थिति में नहीं था ऐसे में इसे बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। बोस ने कहा, 'हमारा खेल सबसे गरीब लोगों द्वारा खेला जाता है। हमारे राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने वाले खिलाड़ी 60,000 से एक लाख रुपये तक कमाते हैं। ऐसे में अगर तीन लाख रुपये तक की सालाना कमाई कर पा रहे हैं तो छोटे शहरों या गांव में इससे आजीविका चल सकती है।' बोस ने बताया, 'मैं यह बिल्कुल नहीं कह रहा हूं कि यह रकम पर्याप्त है। हमें उनके हाथों में जितना संभव हो उतना पैसा देने की जरूरत है।'

### पहली रग्बी प्रीमियर लीग 15 जून से मुंबई में

**नयी दिल्ली :** पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी। इस लीग का प्रारूप रग्बी 7 होगा, जिसे ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं तथा सात सात मिनट के दो हाफ होते हैं। पारंपरिक प्रारूप में एक टीम में 15 खिलाड़ी होते हैं तथा 20-20 मिनट के दो हाफ खेले जाते हैं।



## फल, सब्जियों के दाम घटने से मई में खुदरा मुद्रास्फीति 75 माह के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आई



**नयी दिल्ली :** फलों एवं सब्जियों की कीमतों में नरमी से मई में खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। यह लगातार चौथा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से कम रही है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपी-ीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 3.16 प्रतिशत और मई, 2024 में 4.8 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति का पिछला निचला स्तर फरवरी, 2019 में रहा था जब यह 2.57 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी महीने में 8.69 प्रतिशत थी। मई, 2025 की खाद्य मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अक्टूबर, 2021 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने एक बयान में कहा, 'मई, 2025 के महीने में मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से दालों एवं उत्पादों, सब्जियों, फलों, अनाज एवं उत्पादों, घरेलू सामान एवं सेवाओं, चीनी एवं मिठाई और अंडे की कीमतों ें नरमी और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण है।'' आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, मई के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति 2.59 प्रतिशत थी, जबकि शहरी भारत में यह 3.07 प्रतिशत रही। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सबसे अधिक मुद्रास्फीति केरल में 6.46 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके बाद पंजाब (5.21 प्रतिशत), जम्मू-कश्मीर (4.55 प्रतिशत), हरियाणा (3.67 प्रतिशत) और उत्तराखंड (3.47 प्रतिशत) का स्थान रहा। वहीं देशभर में सबसे कम खुदरा महंगाई दर तेलंगाना में 0.55 प्रतिशत रही। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इसने पहली तिमाही में 2.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.4 प्रतिशत खुदरा मुद्रास्फीति रहने का अनुमान जताया है। सरकार ने आरबीआई को यह दायित्व दिया हुआ है कि खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर सीमित रखा जाए। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछले महीने खुदरा मुद्रास्फीति और भी कम होकर 75 महीने के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गई जिसमें खाद्य एवं पेय उत्पादों की अहम भूमिका रही। नायर ने कहा कि यह आंकड़ा रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के नीतिगत दरों में कटौती के निर्णय को मान्यता देता है।

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 823 अंक लुढ़का, निफ्टी 25,000 अंक से नीचे फिसला




**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 823 अंक लुढ़क गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,000 अंक से नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,691.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 991.98 अंक तक का गोता लगा गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, पिछले छह कारोबारी सत्रों से निफ्टी में जारी तेजी थम गयी। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, टाइटन, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार में गिरावट का रुख चौतरफा होता जा रहा है। मूल्यांकन संबंधी चिंताएं और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अमेरिका, कई प्रमुख व्यापार साझेदारों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि पर विचार कर रहा है। इससे भी अनिश्चितता बढ़ने की आशंका है। इस बारे में निर्णय अगले एक से दो सप्ताह के भीतर होने की संभावना है।'' मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.52 प्रतिशत टूटा, जबकि छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप 1.38 प्रतिशत नीचे आया। बीएसई में 2,729 शेयरों में गिरावट रही, जबकि 1,282 शेयर लाभ में रहे। 140 शेयरों के भाव स्थिर रहे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'इजराइल और ईरान के बीच नए सिरे से तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि... समेत कई कारणों से बिकवाली हुई।

## कृषि अभियान संपन्न हुआ, पर किसानों से संवाद जारी रहेगा : चौहान



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को गुजरात के बारडोली में किसान सम्मेलन में 15 दिवसीय 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का समापन किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अभियान समाप्त होने के बावजूद किसानों के साथ सरकार का संवाद निरंतर जारी रहेगा। वर्ष 1928 में ब्रिटिश कर नीतियों के खिलाफ सरदार वल्लभभाई पटेल के बारदोली सत्याग्रह स्थल पर अपने संबोधन में चौहान ने किसानों के कल्याण के लिए अतीत और वर्तमान के संघर्षों के बीच समानताएं बताईं। उन्होंने कहा, 'मैं सरदार वल्लभभाई पटेल की इस कर्मभूमि पर आकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। इस दिन, 12 जून, 1928 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने बारदोली सत्याग्रह के लिए एक बैठक की थी।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लैब टू लैंड' विजन को लागू करने के लिए बनाए गए इस अभियान में 16,000 वैज्ञानिकों की 2,170 टीमें लगाई गईं, जिन्होंने देश भर में गांव-गांव जाकर शोध आधारित जानकारी उपलब्ध कराई। ये टीमें किसानों से सीधे जुड़ीं और स्थानीय जलवायु परिस्थितियों और क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप शोध आधारित जानकारी उपलब्ध कराई। अभियान की व्यापक पहुंच पर प्रकाश डालते हुए चौहान ने कहा, 'इस अभियान के तहत करीब एक करोड़ 12 लाख किसानों से संवाद किया गया है और एक लाख से अधिक गांवों तक पहुंच सुनिश्चित की गई है।' पखवाड़े भर चलने वाली इस पहल के दौरान 55,000 से अधिक स्थानों पर संवाद आयोजित किए गए।

## यूपीआई लेनदेन पर कोई एमडीआर शुल्क नहीं लिया जाएगा: वित्त मंत्रालय




**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) मंच के जरिये लेनदेन पर कोई 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) नहीं लेने की जानकारी दी है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'यूप-ीआई लेनदेन पर एमडीआर वसूले जाने की अटकलें और दावे पूरी तरह से झूठे, निराधार एवं भ्रामक हैं। इस तरह की निराधार और सनसनी फैलाने वाली अटकलें हमारे नागरिकों के बीच अनावश्यक अनिश्चितता, भय व संदेह उत्पन्न करती हैं। सरकार यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।' एमडीआर वह लागत है जो व्यापारी द्वारा बैंक को अपने ग्राहकों से डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए चुकाई जाती है। व्यापारी छूट दर लेनदेन राशि के प्रतिशत में व्यक्त की जाती है। मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बाद आया है, जिनमें दावा किया गया था कि सरकार बड़े यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लगाने की योजना बना रही है। इस बीच, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में यूपीआई के माध्यम से लेनदेन 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अप्रैल में यूपीआई लेनदेन का मूल्य 23.94 लाख करोड़ रुपये था।

## न्यूज अपडेट

### सोना 850 रुपये उछला, चांदी में गिरावट

**नयी दिल्ली :** विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 850 रुपये उछलकर 99,340 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। हालांकि, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 100 रुपये घटकर 1,07,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एशियन पेंट्स में 3.64 प्रतिशत हिस्सेदारी 7,703 करोड़ रुपये में बेची

**नयी दिल्ली :** अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने बृहस्पतिवार को एशियन पेंट्स में 3.64 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी, जबकि एसबीआई म्यूचुअल फंड ने खुले बाजार लेनदेन के जरिये 7,703 करोड़ रुपये में ये शेयर खरीदे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के पास उपलब्ध सौदे के आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी सहयोगी कंपनी सिद्धांत कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के जरिये एशियन पेंट्स में 3.50 करोड़ इक्विटी शेयर या 3.64 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची। शेयरों का निपटान 2,201 रुपये प्रति शेयर की औसत कीमत पर किया गया, जिससे लेनदेन का मूल्य 7,703.50 करोड़ रुपये बैठता है। हिस्सेदारी बिक्री के बाद, एशियन पेंट्स में आरआईएल की इकाई सिद्धांत कमर्शियल्स की हिस्सेदारी 4.90 प्रतिशत से घटकर 1.26 प्रतिशत रह गई है। शेयरों के अधिग्रहण के साथ ही एशियन पेंट्स में एसबीआई म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी 1.51 प्रतिशत से बढ़कर 5.15 प्रतिशत हो गई।

### जेवर हवाई अड्डे के पास छह हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी अंबर एंटरप्राइजेज

**लखनऊ :** विनिर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड उत्तर प्रदेश में आगामी नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास इलेक्ट्रॉनिक्स तथा प्रोडक्शन कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) की इकाई स्थापित करने के लिए छह हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के प्रवर्तक जसबीर सिंह ने बुधवार को इस संबंध में यहां प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' से मुलाकात की थी। अंबर एंटरप्राइजेज, जेवर हवाई अड्डे के पास पीसीबी असेंबली, घरेलू उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण इकाई के लिए छह हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। मंत्री नंदी ने कहा, अंबर इंटरप्राइजेज के प्रवर्तक जसबीर सिंह के साथ प्रदेश में निवेश को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने प्रदेश में छह हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। यह निवेश प्रदेश में विकास और समृद्धि के नए द्वार खोलेगा।

### ईपीएफओ ने तीन दिन में करीब 50 प्रतिशत दावों को निपटाया

**नयी दिल्ली :** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में अब तक दावा करने के तीन दिन के ही भीतर लगभग 50 प्रतिशत दावों का निपटारा किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस अधिकारी ने पांच जून तक के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक अप्रैल, 2025 से पांच जून, 2025 के बीच तीन दिन के भीतर कुल 68.96 लाख दावों का निपटारा किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह निपटाए गए दावों का अनुपात वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 39 प्रतिशत यानी 2.34 करोड़ था। अधिकारी ने कहा कि तीन दिनों के भीतर निपटाए गए दावों का अनुपात तेजी से बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि ईपीएफओ जल्द ही स्वचालित दावा निपटान की सीमा को मौजूदा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर देगा। अधिकारी ने यह भी कहा कि इस सीमा में वृद्धि के लिए ईपीएफओ के शीर्ष निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की मंजूरी की जरूरत नहीं है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3265 अंक 075, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in